संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 10 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 68 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com **राष्ट्रीय संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



जीप पर सैर, हाथी की सवारी... नेशनल पार्क की खूबसूरती में रम गए पीएम मोदी। हाथी को खिलाया गन्ना।

## आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।"
भागवद्

## मन की बात



"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।"
स्वामी विवेकानंद

# पीएम ने पूर्वोत्तर राज्यों को दी सौगात

## = चीन सीमा के निकट सेला टनल राष्ट्र को समर्पित, 10 करोड़ की उन्नति योजना का शुभारंभ, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, आईटी, बिजली, तेल और गैस जैसी कई परियोजनाओं का तोहफा

**विकास कार्य**

8 प्रधानमंत्री ने चुनावी नहीं बल्कि देश की जरूरतों के मुताबिक काम करने की अपनी शैली दोहराई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में 55,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने सेला टनल को भी राष्ट्र को समर्पित किया और 10 हजार करोड़ रुपये की उन्नति योजना शुरू की। आज की विकास परियोजनाओं में रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, सीमा अवसंरचना, आईटी, बिजली, तेल और गैस जैसे अन्य क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में विकसित भारत विकसित उत्तर पूर्व कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल (सेवानिवृत्त) लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों के विकास की पहले की गई उपेक्षा की आलोचना की। सेला टनल का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने चुनावी नहीं बल्कि देश की जरूरतों के मुताबिक काम करने की अपनी शैली दोहराई। इन योजनाओं में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला टनल भी शामिल है। ये टनल अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह सुरंग क्षेत्र में न केवल तेज और अधिक प्रभावी परिवहन मार्ग उपलब्ध कराएगी बल्कि चीन के साथ लगती सीमा के समीप स्थित होने के कारण देश के लिए सामरिक महत्व की भी है। प्रधानमंत्री ने रक्षा कर्मियों से वादा किया कि वह अपने अगले कार्यकाल में इस इंजीनियरिंग चमत्कार पर उनसे मिलने आएंगे।

सुरंग हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और तवांग के लोगों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में कई सुरंगों पर काम चल रहा है। प्रधान मंत्री ने विकसित भारत के राष्ट्रीय उत्सव का उल्लेख किया। उन्होंने विकसित पूर्वोत्तर के प्रति पूर्वोत्तर के लोगों में नये उत्साह को स्वीकार किया। उन्होंने इस पहल के लिए नारी शक्ति के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "संपूर्ण पूर्वोत्तर यहां किए जा रहे विकास कार्यों से मोदी की गारंटी का अर्थ देख सकता है।" उन्होंने 2019 में सेला सुरंग और डोनी पोलो हवाई अड्डे की आधारशिला रखने का उल्लेख किया, जिनका उद्घाटन किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों के समर्थन को स्वीकार करते हुए कहा, समय, महीना या वर्ष कोई भी हो, मोदी केवल देश और उसके लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

### 'परियोजनाएं विकसित पूर्वोत्तर की गारंटी लेकर आई'

**पीएम** ने कहा कि ये शिक्षा, सड़क, रेलवे, बुनियादी ढांचा, अस्पताल और पर्यटन परियोजनाएं विकसित पूर्वोत्तर की गारंटी लेकर आई हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 5 वर्षों में धन का आवंटन पहले की तुलना में चार गुना अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले के दृष्टिकोण के विपरीत उन्होंने हमेशा सीमावर्ती गांवों को 'प्रथम गांव' माना है और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम इस सोच की स्वीकृति है। आज करीब 125 गांवों के लिए सड़क परियोजनाओं की शुरूआत हुई और 150 गांवों में पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम-जनमन योजना के तहत सबसे कमजोर और सबसे पिछड़ी जनजातियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आजादी के बाद से लेकर 2014 तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों की तुलना 2014 के बाद से करते हुए प्रधानमंत्री ने सात दशकों में 10 हजार किलोमीटर की तुलना में पिछले 10 वर्षों में 6 हजार किलोमीटर राजमार्ग बनाने और 2 हजार किलोमीटर रेल लाइनें बिछाने की जानकारी दी।

### '10 वर्षों में बुनियादी ढांचे पर दिया जोर'

**पीएम ने** कहा कि पूर्वोत्तर के औद्योगिक विकास के लिए नए स्वरूप और विस्तारित दायरे में उन्नति योजना को हाल ही में कैबिनेट की मंजूरी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने सरकार की कार्यशैली को रेखांकित किया, क्योंकि योजना एक ही दिन में अधिसूचित हो गई और दिशानिर्देश जारी किए गए। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में आधुनिक बुनियादी ढांचे पर जोर, लगभग एक दर्जन शांति समझौतों के कार्यान्वयन और सीमा विवादों के समाधान की ओर इशारा किया और कहा कि उनका अगला कदम क्षेत्र में उद्योग का विस्तार है। उन्होंने कहा, 10 हजार करोड़ रुपये की उन्नति योजना निवेश और नौकरियों की नई संभावनाएं लाएगी। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के लिए स्टार्टअप, नई प्रौद्योगिकियों, होम स्टे और पर्यटन से संबंधित अवसरों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। पूर्वोत्तर में महिलाओं के जीवन को आसान बनाने की सरकार की प्राथमिकता पर प्रकाश डालते हुए प्रधान मंत्री ने कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती का उल्लेख किया। उन्होंने नागरिकों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की पूरी टीम को भी बधाई दी।

# भारत ने चीन सीमा पर बढ़ाई चौकसी

## 10 हजार और सैनिकों की तैनाती, चीन ने सीमा पर जवान बढ़ाने की आलोचना में कहा- इससे तनाव कम नहीं होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। यह जवान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन सीमा के 532 किमी. हिस्से की रक्षा करेंगे। चीन ने सीमा पर भारतीय सेना बढ़ाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे तनाव कम नहीं होगा। भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने निजी चर्चा के बाद सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया है। एक वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी ने कहा कि देश की पश्चिमी सीमा (पाकिस्तान) पर तैनात सैनिकों की 10 हजार मजबूत इकाई को अब चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए अलग रखा गया है। इसके अलावा विवादित चीनी सीमा के लिए पहले से ही नामित 9,000 सैनिकों की मौजूदा टुकड़ी को नवनिर्मित लड़ाकू कमान के तहत लाया जाएगा। यह संयुक्त बल 532 किमी. (330.57 मील) की सीमा की रक्षा करेगा, जो चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारत के उत्तरी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करती है। हालांकि, भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन एक ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर और अधिक सैनिकों को जोड़ने का भारत का कदम तनाव कम करने के लिए अनुकूल नहीं है। भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर हजारों सैनिकों को तैनात किया है, जिससे बीजिंग के साथ उसके पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और बढ़ने की संभावनाएं पैदा हो गई हैं।

**तनावपूर्ण**

8 निजी चर्चा के बाद सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया है

# विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** भाजपा ने यूपी में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने प्रदीप उपाध्यक्ष, विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया को फिर से मौका दिया है। इसके अलावा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल और राम तीरथ सिंह को टिकट दिया है। विधान परिषद के इस चुनाव में विधान सभा के सदस्य वोट देंगे।

पांच मई को कुल 13 सीटें रिक्त होंगी, जिनके लिए चुनाव कराया जा रहा है। 13 सीटों पर होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इनमें 9 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी होंगे।

# 'प. बंगाल के विकास के लिए प्रतिबद्ध'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिलीगुड़ी/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास के लिए केंद्र सरकार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। यहां हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये विकसित बंगाल की तरफ एक और अहम कदम है। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में विकसित भारत विकसित पश्चिम बंगाल कार्यक्रम में 4500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यहां हजारों



करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये विकसित बंगाल की तरफ एक और अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने इन विकास कार्यों के लिए बंगाल और नॉर्थ बंगाल के लोगों को बधाई दी। यह क्षेत्र नॉर्थ-ईस्ट का गेटवे है। पूर्ववर्ती सरकारों पर विकास की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक पूर्वी भारत के विकास को, यहां के हितों को नजरअंदाज किया गया, जबकि हमारी सरकार पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानकर चलती है।

**शिलान्यास**

8 हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है

# 'जाति जनगणना के जरिए करेंगे देश का एक्स-रे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के चुनावी वादों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना कराने के अपनी पार्टी के संकल्प को रेखांकित किया। एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन है। कितने हैं और किस स्थिति में हैं। क्या यह सब गिनना जरूरी नहीं है।

**बिहार के जाति सर्वेक्षण में सामने आई हकीकत:** राहुल गांधी



ने कहा कि बिहार में जाति सर्वेक्षण से पता चला कि 88 प्रतिशत गरीब आबादी दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों से आती है। उन्होंने कहा कि बिहार के आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक हैं, हमें अंदाजा भी नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हालत में रह रही है।

**हम करेंगे देश का एक्स-रे-राहुल गांधी:** राहुल गांधी ने कहा कि इसलिए हम आने वाले समय में दो ऐतिहासिक दम उठाने वाले हैं। जाति जनगणना और आर्थिक स्थिति को समझेंगे। जिसके जरिए हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को उखाड़ देंगे। राहुल गांधी ने कहा, यह कदम देश का एक्स-रे करेगा और सभी को सही आरक्षण, अधिकार और हिस्सेदारी देगा।

# ईडी का तमिलनाडु में रेत खनन मामले में 10 ठिकानों पर छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि यह कार्रवाई 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के दामाद आधव अर्जुन के परिसरों के अलावा चेन्नई और कोयंबटूर में कुछ अन्य लोगों के कई ठिकानों पर भी चल रही है।

**चुनावी समर** भाजपा, टीडीपी के एक साथ आने से देश और राज्य का भला होगा: चंद्रबाबू

# राजनीतिक सरगर्मियां तेज: चंद्रबाबू एनडीए में लौटे!

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले आंध्र प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले सभी दल अपनी-अपनी बिसात बिछाने में लगे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद चंद्रबाबू नायडू की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी (जेएसपी) के बीच चुनाव में



गठबंधन को लेकर सहमति बन गई है। यह स्वीप होगा। नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश बुरी तरह बर्बाद हो गया है। भाजपा, टीडीपी के एक साथ आने से देश और राज्य का भला होगा। आंध्र प्रदेश में टीडीपी और जन सेना पार्टी के बीच गठबंधन की घोषणा पहले ही हो चुकी है। हालांकि, गठबंधन के नए समीकरण के लिए फार्मूला क्या होगा, इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गृहमंत्री अमित शाह और आंध्रप्रदेश के पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को मुलाकात की है। यह मुलाकात नई दिल्ली स्थित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आधिकारिक आवास हुई है। दोनों नेताओं की मुलाकात में भाजपा-टीडीपी के संभावित गठबंधन को लेकर सीट बंटवारें पर बात हुई है।

**सहमति**

8 भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी (जेएसपी) के बीच चुनाव में गठबंधन को लेकर सहमति बन गई है



# 'श्रीराम इस युग में होते तो ये उनके घर भी ईडी भेज देते'

## विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की उपलब्धियां गिनाईं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की उपलब्धियां गिनाईं और भाजपा की तीखी आलोचना की। केजरीवाल ने कहा कि हमने काम करके देश का दिल जीता। अगर भाजपा ने काम किया होता तो ईडी, सीबीआई की जरूरत नहीं पड़ती। सुप्रीम कोर्ट इलेक्टोरल बांड के बारे में पूछ रहा है लेकिन ये बता ही नहीं रहे हैं कि किसका पैसा है। इन्होंने उत्तराखंड समेत कई राज्यों की सरकारें गिरा दीं। ईडी का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़ दिया। केजरीवाल ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी का विकास का मॉडल है और भाजपा का विनाश का। अपनी पार्टी के काम गिनाते हुए केजरीवाल ने कहा कि हमने लोगों के लिए काम किया। बिजली, पानी, तीर्थ यात्रा कराई ये आम आदमी पार्टी का विकास का मॉडल था। हमारी पार्टी ने





### बीजेपी पूरे देश में सभी पार्टियों को खत्म देना चाहते हैं: केजरीवाल

**केजरीवाल** ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि श्रीराम अगर आज होते तो उनके घर भी भाजपा सीबीआई और ईडी को भेज देते और बंदूक रखकर उनसे पूछते की भाजपा में आना है या जेल जाओगे। सभी पार्टियों को तोड़ दो, ईडी, सीबीआई के जरिये सभी पार्टियों को खत्म कर दो न पार्टी रहेगी तो चुनाव ही नहीं होंगे। इनको गुजरात में मौका मिला था, एक भी स्कूल अच्छा नहीं मिला, एक टेंट का स्कूल लगवाकर पांच बच्चे एक फर्जी टीचर के साथ पीएम ने फोटो खिंचवा ली।

सीएम ने आगे कहा कि अगर इन्होंने एक भी बढ़िया स्कूल बनाया होता तो इन्हें सरकार तोड़ने की जरूरत नही होती, जनता इन्हें खुद ही अपना समर्थन दे देती। उत्तराखंड में इन्होंने कांग्रेस की सरकार तोड़ दी, महाराष्ट्र में आघाडी सरकार को गिरा दिया। अपनी तोड़ फोड़कर सरकार बना ली, ये पूरे देश में सभी पार्टियों को खत्म देना चाहते हैं। हिटलर ने तीन महीने में सभी को खत्म कर दिया, इन्होंने 10 साल लगा दिये। अगर श्री राम होते तो उन्हे भी बंदूक के दम पर कहते हमारी पार्टी में आ जाओ। उन्होंने कहा कि अब मुझे जेल में डालने की तैयारी है। भाजपा में मेरे कई मित्र हैं, वे कहते हैं वो केजरीवाल को अंदर करना चाहते हैं इसके बाद फ्री बिजली खत्म कर देंगे, इसके बाद बढ़िया स्कूल बर्बाद कर देंगे। जितने समन भेजोगे उतने ही स्कूल बनाऊंगा, अगर केजरीवाल के स्कूल और अस्पताल देख लोगे तो हमसे मोहब्बत हो जायेगी।

एमसीडी जीती। उन्होंने लोकसभा सीटों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि लोग अब कह रहे हैं कि दिल्ली की सातों सीटें भी आम आदमी पार्टी की ही आएगी। भाजपा का विनाश का मॉडल था कि सामने वाली सारी पार्टियों के पीछे ईडी, सीबीआई लगा दो। कोई अच्छा काम करें तो उसको रोको। अरविंद केजरीवाल ने बजट सत्र पर चर्चा करते समय कहा कि आज हम जब बजट पर चर्चा कर

**कसा तंज**

**8 अगर भाजपा ने काम किया होता तो ईडी, सीबीआई की जरूरत नहीं पड़ती: सीएम**

रहे हैं तो मुझे अपने छोटे भाई मनीष सिसोदिया की याद आ रही है। पिछले 9 बजट मनीष सिसोदिया ने पेश किए और मैं उम्मीद करता हूं कि अगला बजट मनीष सिसोदिया पेश करेंगे। आतिशी ने बहुत अच्छा बजट पेश किया। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है।

2014-2015 में इस देश में दो घटनाएं हुईं। मई 2014 में लोगों ने 282 सीटों का भारी बहुमत देकर भाजपा की सरकार बनाई थी और उसी साल एक आधे राज्य दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को भारी बहुमत देकर सरकार बनाई।

# एलजी ने किया कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में पुष्प महोत्सव का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की ओर से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित पुष्प महोत्सव का उद्घाटन किया। दो दिवसीय एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद एलजी ने शहर की सुंदरता को निखारने के लिए नवीन विचारों को पेश करके 'राजधानी को फूलों के शहर और आनंद के शहर' में बदलने की दिशा में एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, एनडीएमसी ने ट्यूलिप फेस्टिवल, रोज फेस्टिवल, फ्लावर फेस्टिवल जैसे फूलों के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें न केवल दिल्ली बल्कि दिल्ली से सटे इलाकों के लोग अक्सर नई दिल्ली क्षेत्र में फूलों के इन कार्यक्रमों में गए। इससे एनडीएमसी के प्रयासों की सच्ची पहचान मिली और एक मान्यता मिली। एलजी ने राजधानी में पिछले साल एनडीएमसी द्वारा शुरू की गये ट्यूलिप पौधरोपण की प्रशंसा की और कहा कि इन प्रयासों से इस साल पूरी दिल्ली में पांच लाख ट्यूलिप खिल रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आज तक हम ट्यूलिप का आयात कर रहे हैं लेकिन एनडीएमसी ने हाइब्रिड ट्यूलिप की खेती के लिए एक ग्रीनहाउस स्थापित किया है।

# दिल्ली में मुफ्त बिजली मिलती रहेगी: सीएम

## दिल्ली सरकार ने सब्सिडी की फाइल एलजी को भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** वालों को नए वित्त वर्ष में दिल्ली सरकार बिजली की सब्सिडी मिलती रहे, इस संबंध में 7 मार्च को कैबिनेट से स्वीकृत प्रस्ताव मंजूरी के लिए उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को भेज दी गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिजली सब्सिडी को लेकर सात मार्च को कैबिनेट की मीटिंग बुलाई थी। इसमें नए वित्त वर्ष में दिल्ली वालों को मिल रही बिजली सब्सिडी जारी रखने का फैसला लिया गया था। दिल्ली सरकार उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक पूरी सब्सिडी देती है। 200 से 400 यूनिट खर्च करने वाले लोगों को बिल का 50 फीसदी या अधिकतम 800 रुपये की



सब्सिडी प्राप्त होती है।

शनिवार को दिल्ली विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी बिजली सब्सिडी देकर दिल्ली की जनता को सुविधा प्रदान कर रही है। यह समानता की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। जब देश के प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली का उपयोग कर रहे हैं तो एक आम आदमी को भी मुफ्त बिजली मिले, यह उसका अधिकार है। गत वर्ष दिल्ली वालों को मुफ्त व सब्सिडी दर पर मिल रही बिजली के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा था कि कई लोगों ने कहा कि वे सक्षम हैं, उन्हें

**प्रस्ताव**

**8 कैबिनेट से स्वीकृत प्रस्ताव मंजूरी के लिए उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को भेज दी गई है**

फ्री बिजली नहीं चाहिए। इसलिए अब हम लोगों से पूछेंगे कि क्या उन्हें बिजली बिल में सब्सिडी चाहिए? अगर वे कहेंगे कि चाहिए तो हम देंगे और वे कहेंगे नहीं चाहिए तो हम नहीं देंगे। इसके बाद गत एक अक्टूबर से दिल्ली में उन्हीं लोगों को बिजली की सब्सिडी दी जा रही, जो सब्सिडी मांगे थे।

# दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवारों के नाम अभी तक तय नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस आलाकमान ने शुक्रवार को जारी की पहली सूची में दिल्ली के तीनों उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की, जबकि कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में बृहस्पतिवार को दिल्ली की सीटों पर चर्चा हुई थी। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने तीनों सीटों पर दो-दो नेताओं के नाम भेजे थे। वहीं, चुनाव समिति ने प्रदेश इकाई को निर्देश दिए हैं कि वह तीनों सीटों पर अपने स्तर पर उम्मीदवारों के नाम तय करके एक-एक नाम भेजे।

# परिवार की सभी पात्र महिलाओं को योजना की राशि दी जाएगी: सीएम

## इस योजना का लाभ हर परिवार की सभी पात्र महिलाओं को मिलेगा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने हाल ही में पेश बजट में राजधानी की महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की। सरकार के इस फैसले का दिल्ली की महिलाओं ने खूब स्वागत किया। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने की बात कही गई है। वित्त मंत्री के मुताबिक, सितंबर-अक्टूबर में यह राशि महिलाओं के खाते में आनी शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को अधिसूचित किया जाएगा। इसके तहत करीब 45 लाख महिलाओं को लाभ मिल सकेगा। इसके लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में रखा गया है।

**मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की पात्रता:** दिल्ली सरकार द्वारा घोषित इस योजना का लाभ आखिर किसे मिलेगा? वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा, जो यहां की स्थायी निवासी होंगी। वहीं उनकी उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए। वहीं




**स्पष्ट किया**

**8 बजट में राजधानी की महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की।**

वह किसी इनकम टैक्स के दायरे में न आती हों। वहीं वह किसी सरकारी योजना या पेंशन का हिस्सा न हो। इसके साथ ही उनके पास दिल्ली का वोटर कार्ड होना अनिवार्य हो।

**सीएम केजरीवाल ने दूर किया कन्फ्यूजन:** वहीं एक चीज को लेकर भी दिल्लीवासियों में कन्फ्यूजन है कि क्या परिवार की एक महिला को यह राशि मिलेगी या एक परिवार की सभी महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा? इसको लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा में स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ हर परिवार की सभी पात्र महिलाओं को मिलेगा।

**केजरीवाल ने उदाहरण से किया स्पष्ट:** उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि एक परिवार में मां, बहू और बेटी हैं और तीनों महिलाएं अगर पत्र हैं तो उन्हें 1000-1000 हजार रुपये दिए जाएंगे। इससे इस परिवार को साल में 36 हजार रुपये मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि सिर्फ एक परिवार तक यह योजना सीमित नहीं रहेगी बल्कि परिवार की सभी पात्र महिलाओं को योजना की राशि दी जाएगी।

# कालोनियों के हालात पर एलजी का तंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल लगातार राजधानी के अलग-अलग इलाकों में घूमकर वस्तु स्थिति को लेकर दिल्ली सरकार को नसीहत दे रहे हैं। इसी क्रम में उपराज्यपाल ने ओखला का दौरा किया और मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया, 'लाख सोने के फ्रेम में मढ़ दो! आईना झूठ बोलता ही नही!! उपराज्यपाल दिल्ली की कालोनियों में व्याप्त अव्यवस्था से आहत अपनी भावना को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के माध्यम से जाहिर कर रहे हैं। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्स हैंडल पर कहा, अखबारों में देखा कि इनके विकास के लिए सरकार ने 5500 करोड़ खर्च किये हैं।.. अकर्मण्यता और संवेदनहीनता का इससे अधिक ज्वलंत उदाहरण नहीं मिल सकता

उप-राज्यपाल ने ओखला क्षेत्र का दौरा किया। उप-राज्यपाल ने एक्स हैंडल पर समस्याओं से जुड़ी तस्वीरें साझा की। यह फोटो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम पर भी टैग करते हुए उपराज्यपाल ने कहा आपसे अनुरोध है कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लें। आपकी सुविधा के लिए तस्वीरें संलग्न कर रहा हूं। शनिवार को अपने एक्स हैंडल पोस्ट पर उप-राज्यपाल ने कहा, दिल्ली के हर हिस्से से लगातार जनसुविधाओं के अभाव

**कटाक्ष**

**8 मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया, 'लाख सोने के फ्रेम में मढ़ दो! आईना झूठ बोलता ही नही!!**

की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी संदर्भ में कल गोलाकुआं तेहखण्ड स्थित जेजे क्लस्टर तथा संजय कॉलोनी, ओखला जाकर वहां से जमीनी हकीकत को देखा। उपराज्यपाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा, यहां के हजारों लोग गंदे बदबूदार नालों, जर्जर हालत में पड़े घरों में, कचरे के ढेर, नालों से निकले गाद और बीमारियों के बीच जीवन बसर करने को मजबूर हैं। यह शर्मनाक है कि देश की राजधानी में अपने नागरिकों की ऐसी दुर्दशा वर्षों से उपेक्षा की वजह से हो रही है। इसके साथ ही उप-राज्यपाल ने दिल्ली शहरी आश्रय विकास बोर्ड (डुसुब), दिल्ली राज्य औद्योगिक व संरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सहित अन्य सभी संबंधित विभागों को बस्ती की साफ सफाई और जरूरी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# द्वारका के 100 से ज्यादा अपार्टमेंट्स के पास नहीं है फायर एनओसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** द्वारका इलाके में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां 100 से ज्यादा ऐसे अपार्टमेंट्स पाये गए हैं, जिनके पास फायर एनओसी तक नहीं है। इसके बाद दिल्ली फायर सर्विस ने नोटिस भेजने शुरू कर दिए हैं। दरअसल, द्वारका इलाके में घर में आग लगने की एक घटना इसी साल फरवरी में सामने आई थी। घटना में 83 साल की बुजुर्ग महिला व उनकी पोती ने जान बचाने के लिए अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। इस घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद दमकल विभाग ने एक अभियान चला कर इस बात को जानने की शुरूआत की कि कितने अपार्टमेंट है जहां या तो फायर एनओसी नहीं है या फिर एनओसी एक्सपायर हो चुकी है। जिस अपार्टमेंट में आग लगने की घटना हुई थी, वहां आग बुझाने के सुरक्षा उपकरण सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे। दमकल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन अपार्टमेंट्स की फायर एनओसी समाप्त हो चुकी है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला नेतृत्व पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केन्द्रीय गृह मं**त्रालय के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों के नेटवर्क (आईयूआईएनडीआरआर-एनआईडीएम) ने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की। डीआरआर में महिला नेतृत्व विषय पर यह कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित

**पहल**

**8 महिलाओं के नेतृत्व और एनआईडीएम द्वारा की गई पहल पर जोर दिया**

किया गया। इसमें आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला नेतृत्व की सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक सार-संग्रह का विमोचन किया गया। साथ ही गृह मंत्रालय द्वारा समर्थित राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण अनुसंधान सुविधा का उद्घाटन किया गया। आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर प्रधानमंत्री के दस सूत्री एजेंडे के अनुरूप, आईयूआईएनडीआरआर का लक्ष्य आईआईटी और आईआईएम सहित उच्च शिक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता का उपयोग करना है। इसका मकसद डीआरआर में नवाचार को बढ़ावा देना और जोखिम का सामना करने वाले समुदायों की मजबूती बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम और भागीदार संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन राजेंद्र रत्नू (ईडी, एनआईडीएम), संजीव कुमार जिंदल (अतिरिक्त सचिव), और कमल किशोर (सदस्य सचिव, एनडीएमए), राजेंद्र सिंह, सदस्य एनडीएमए सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने किया। एनआईडीएम के कार्यकारी निदेशक राजेंद्र रत्नू ने हर पहलू में महिलाओं के नेतृत्व और एनआईडीएम द्वारा की गई पहल पर जोर दिया।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कौशल परिषद् के साथ किया समझौता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण और कौशल विकास को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद् के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की नौकरियों में दिव्यांग जनों को आवश्यक विशेष प्रकार के कौशल से लैस करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एमओयू को शुक्रवार को औपचारिक रूप दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अनुसार यह समझौता उद्योग की मांगों के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से मानव संसाधन विकसित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास का प्रतीक है। ईएसएससीआई की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग जनों की स्थायी आजीविका के लिए मार्ग बनाना और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल को बढ़ावा देना है। एमओयू की शर्तों के तहत भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और

**प्रतीक**

**8 प्रशिक्षण के माध्यम से मानव संसाधन विकसित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास का प्रतीक है**

प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) पाठ्यक्रम मानकों के अनुसार दिव्यांगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त, भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद, प्रशिक्षुओं के लिए निर्बाध प्लेसमेंट अवसर सुनिश्चित करने के लिए संभावित नियोक्ताओं और औद्योगिक नेटवर्क के साथ जुड़ाव की सुविधा प्रदान करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्लेसमेंट न्यूनतम वेतन अधिनियम और उद्योग बेंचमार्क के अनुरूप मासिक वेतन की गारंटी देगा। इसके अलावा, भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद प्लेसमेंट के बाद कम से कम तीन महीने के लिए परामर्श और ट्रैकिंग सेवाएं प्रदान करके पोस्ट-प्लेसमेंट समर्थन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखेगा।

# लॉरेंस गिरोह को हथियार और कारतूस आपूर्ति करने वाले चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हथियार तस्करों और गैंगस्टरों के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चारों गैंगस्टर दिलप्रीत बाबा और हरविंदर सिंह रिंदा के करीबी शूटर रहे हैं। चारों पिछले कई वर्षों से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-दविंदर बंबीहा गिरोह सहित अन्य आपराधिक गिरोहों को अवैध हथियार व कारतूस आपूर्ति कर रहे थे। इनके कब्जे से छह पिस्टल व 13 कारतूस बरामद किए गए।डीसीपी मनोज सी का कहना है कि 28 फरवरी की मध्यरात्रि में एसीपी राहुल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अनुज नौटियाल व नागेन्द्र की टीम ने पहले लॉरेंस व बंबीहा सिंडिकेट सहित अन्य



आपराधिक गिरोहों के बदमाशों को हथियार आपूर्ति करने वाले एक सदस्य को अत्याधुनिक पिस्टल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। उसके बाद 29 फरवरी को दविंदर बंबीहा सिंडिकेट के दो सदस्यों को हिमाचल प्रदेश के बद्दी से दो पिस्टल और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके बाद पंजाब के एक हथियार डीलर को गिरफ्तार किया गया, जो हथियारों की तस्करी में लिप्त था। उसके कब्जे से तीन पिस्टल व सात कारतूस बरामद किए गए। दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय अपराधियों, गैंगस्टरों और हथियार डीलरों की गतिविधियों के बारे में पता लगाने के दौरान सेल की टीम को लॉरेंस व अन्य गिरोहों को

**शिकंजा**

**8 हथियार तस्कर बलवंत सिंह उर्फ लड्डू को फिरोजपुर, पंजाब से गिरफ्तार किया था**

हथियार आपूर्ति करने वाले एक हथियार डीलर मिजानुर रहमान की पहचान हुई। उसे शाहीन बाग एक पिस्टल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उस दौरान वह किसी अपराधी को हथियार देने जा रहा था। निरंतर प्रयासों से सेल ने 29 फरवरी को अजय कुमार (बिलासपुर, हिमाचल) व गुरदीप सिंह (सोलन हिमाचल प्रदेश) से दबोच लिया गया। अजय कुमार, हरविंदर सिंह रिंदा और लांडा हरिके का करीबी सहयोगी है, इन दोनों गैंगस्टरों को सरकार आतंकवादी घोषित कर चुकी है। क्योंकि ये पंजाब और बद्दी, नालाग्रा, हिमाचल प्रदेश में जबरन वसूली रैकेट चला रहे हैं। दोनों वर्चस्व के लिए सोलन में बिट्टू नाम के एक युवक को खत्म करने की योजना बना रहे थे और इस काम को अंजाम देने के लिए मिजानुर रहमान से हथियार खरीदे थे। उसके कब्जे से दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए गए। स्पेशल सेल की टीम ने ही काफी पहले हथियार तस्कर बलवंत सिंह उर्फ लड्डू को फिरोजपुर, पंजाब से गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर तीन पिस्टल और सात कारतूस बरामद किए गए थे।

# विदेशी आईडी का इस्तेमाल कर पैसे को बाहर भेज रहे हैं जालसाज, तीन अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में जालसाज भी हाईटेक होते जा रहे हैं। जालसाज ठगी के पैसे को विदेशी आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर देश से बाहर भेज रहे हैं। दक्षिण जिले की साबइर थाना पुलिस ने एक ऐसे ही गिरोह का पर्दाफाश कर तीन जालसाज विकास यादव, अर्जुनलाल यादव और अंकित यादव को गिरफ्तार किया है। इन जालसाजों के एक बैंक खाते से मात्र 18 दिन में 3.95 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। जालसाजों ने आरबीएल बैंक खाते में ऑनलाइन बैंकिंग की है, उन इंटरनेट का आईपी एड्रेस सिंगापुर, चीन व हांगकांग आ रहा है।

# 'गुरुकुल और मदरसों की आर्थिक मदद करेगी सरकार'

## गुरुकुल और मदरसों को हरियाणा शिक्षा बोर्ड से रजिस्ट्रेशन कराकर मदद दी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। मनोहरलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर हरियाणा सरकार को भरोसा है, वह हमेशा नागरिकों के साथ है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गुरुकुल और मदरसों को हरियाणा शिक्षा बोर्ड से रजिस्ट्रेशन कराकर मदद दी जाएगी। जो भी गुरुकुल और मदरसा आधुनिक शिक्षा के लिए हरियाणा बोर्ड के साथ जुड़ेगा। उसको 50-80 बच्चे होने पर साल के 2 लाख रुपया, 80-100 बच्चे होने पर 4 लाख, 100-200 बच्चे होने पर 5 लाख और 200 से अधिक बच्चे होने पर 7 लाख रुपये प्रति वर्ष की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहीद हसन खान मेवाती एक नाम नहीं बल्कि विचार है। हमेशा ही हरियाणा एक हरियाणवी यह सिद्धांत पर हमनें सरकार चलाई। जो काम करनाल में हुए, वही काम नूंह के लोगों के लिए भी किए गए। 9 साल में अन्य किसी भी मुख्यमंत्री की तुलना में सबसे ज्यादा 11 बार मेरा यहां का दौरा हुआ। अब तक इन 11 दौरों में 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा घोषणाएं इस इलाके के लिए की गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में पोषण पखवाड़े की शुरूआत भी की। एचकेआरएन के जरिए नूंह के लिए 1504 अध्यापकों को भी अपॉइंटमेंट लैटर दिया जाएगा। शहीद हसन खां के नाम पर पांच सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। नूंह मेडिकल कॉलेज में शहीद हसन खान के नाम पर चेयर स्थापित होगी।

सेम की समस्या से निजात दिलाने के लिए 18 ट्यूबल की घोषणा। 10 करोड़ की लागत से पशु पॉली क्लिनिक। इडरी इलाके के लिए सिंचाई विभाग के 10 करोड़ और सौर ऊर्जा से सिंचाई परियोजना के लिए 8 करोड़ की परियोजनाओं

**घोषणा**

> 8 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर हरियाणा सरकार को भरोसा है, वह हमेशा नागरिकों के साथ है

की घोषणा। 64 करोड़ की लागत से 33 तालाबों का होगा नवीनीकरण। नूंह और आसपास के इलाकों के लिए के मंदिरों के रखरखाव और नवीनीकरण के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी। 20 ई-लाइब्रेरी, नगीना पंचायत को 1 करोड़ रुपये, कम्युनिटी सेंटर और चार समाज के लिए बारात घर की घोषणा। 150 करोड़ की लागत से तावडू में बनाया जाएगा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे, मेवात फीडर कनाल और हरियाणा ऑर्बिटल कॉरिडोर जैसे योजनाओं का इलाके को मिल रहा फायदा। घासेडा में स्टेडियम के अलावा 7 अन्य स्टेडियम के लिए 10 करोड़ रुपये। अल आफिया मेडिकल कॉलेज के लिए 100 करोड़ की लागत से 100 की बजाय 200 बेड का होगा अस्पताल। बिना पर्ची बिना खर्ची हर योग्य युवा को सरकारी नौकरी दी गई।

आज 5900 से अधिक गांव म्हारा गांव जगमग गांव योजना का उठा रहे हैं फायदा। नूंह में लाइन लॉस कम कर ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ उठाएं आम नागरिक।



## हरियाणा से शुरू हुए बेटियों के नाम नेमप्लेट अभियान को 8 राज्यों ने अपनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पिता की सत्ता में बेटियों को संपत्ति का अधिकार दिलवाने के लिए अभियान के तहत सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा समेत कई राज्यों में अब तक 50 हजार घरों के बाहर बेटियों के नाम की प्लेट लगाई जा चुकी है। महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह के भीतर प्रदेश के पांच हजार घरों के आगे बेटियों के नाम की प्लेट लगाई गई। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 6 जुलाई 2015 को जींद जिले के गांव बीबीपुर से उन्होंने यह अभियान अपनी बेटी नंदिनी के नाम की प्लेट लगाकर शुरू किया था। शुरूआती दौर में रूढ़ीवादी मानसिकता के चलते उन्हें जहां कुछ गांवों में विरोध का सामना करना पड़ा, वहीं इस अभियान को लेकर वह सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हुए। इसके बावजूद उन्होंने इस मुहिम को हरियाणा के जींद, हिसार, नूंह, फतेहाबाद, पंचकूला आदि जिलों में चलाया। हरियाणा के बाहर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में भी इस अभियान को चलाया गया, जिसमें घरों की पहचान वर्मा या शर्मा निवास की बजाए बेटियों के नाम से हुई।

## मंत्री कंवरपाल ने संकल्प पत्र सुझाव वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** आगामी कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उसी की तैयारियों को लेकर भाजपा ने अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को अम्बाला लोकसभा चुनावी संकल्प रथ वाहन को स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने झंडी देकर रवाना किया। इस संकल्प पत्र सुझाव वैन में आम जनता के सुझाव व बात भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व तक पहुंचाएं जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि भाजपा हमेशा से देश हित राष्ट्रीय हित की बात करती है। लोकतंत्र में जो जनता चाहती है वो ही जनहित के कार्य भाजपा की केंद्र मोदी सरकार व हरियाणा की मनोहर सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार विकास कार्य करवा रही हैं।

# लोकसभा चुनावों के लिए बनाया जाएगा 'चुनाव आइकॉन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राज्य स्तर पर चुनाव आइकॉन बनाया जाएगा। भारत चुनाव आयोग ने फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को नेशनल स्तर पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। अब इसी तर्ज पर हरियाणा में भी किसी ऐसे चेहरे को आइकॉन बनाया जाएगा। इतना ही नहीं, जिला स्तर पर भी आइकॉन बन सकेंगे। राजकुमार राव मूल रूप से गुरुग्राम के रहने वाले हैं। वे हरियाणा की खेल संस्कृति पर ह्यछलांगह्ल फिल्म भी बना चुके हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन

**पहल**

> 8 मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राज्य स्तर पर चुनाव आइकॉन बनाया जाएगा

अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए हैं। उन्हें कहा गया है कि वे लोकसभा के आम चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में यथाशीघ्र सेक्टरल ऑफिसर/सुपरवाइजर पद नामित करें। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किए गए भारत चुनाव आयोग के इलेक्शन प्लानर के अनुरूप अपने-अपने जिलों का डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्लानर तैयार करें। सभी जिला चुनाव अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी फॉर्म-6, 7 और 8 लंबित हैं, उनका निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें। अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए कुल मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। आयोग का ध्येय है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद कोई भी पात्र वोटर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाए बिना न रहे और न ही मतदान करने के लिए छूटे। चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है। जिला स्तर पर भी निर्वाचन अधिकारियों को नवाचार, मस्कट व आइकॉन बनाने की ओर ध्यान देना होगा।

# झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान झज्जर को पुलिस कमिश्नरेट का दर्जा प्रदान किए जाने के बाद अब इस पर काम भी शुरू हो गया है। हरियाणा सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी करके झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट के दृष्टिकोण से पुलिस आयुक्त समेत कई अन्य नियुक्तियां कर दी हैं। सोमवार से झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट के रूप में काम शुरू हो जाएगा। इससे पहले एनसीआर में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत में पहले से ही पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली चल रही है। बढ़ती आपराधिक घटनाओं तथा झज्जर के लगातार हो रहे विस्तार के चलते लंबे



समय से यहां पुलिस की कार्यप्रणाली में बदलाव की मांग चल रही थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट सत्र के दौरान बजट पास करवाते समय झज्जर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लागू करने का ऐलान किया था। शनिवार को सरकार ने यहां अधिकारियों को नियुक्तियां शुरू कर दी हैं। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार वर्ष 2004 बैच के आईपीएस एवं सोनीपत के पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन को झज्जर का पुलिस कमिश्नर लगाया गया है। बालन के पास सोनीपत का भी चार्ज रहेगा। अभी तक सोनीपत में बतौर एसपी तैनात 2014 बैच के आईपीएस डॉ. अर्पित जैन अब झज्जर में ही डीसीपी के पद पर तैनात

**नियुक्ति**

> 8 झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट के दृष्टिकोण से पुलिस आयुक्त समेत कई अन्य नियुक्तियां कर दी हैं

रहेंगे। अर्पित जैन के पास डीसीपी हेडक्वार्टर तथा डीसीपी क्राइम का चार्ज भी रहेगा। दो तैनातियों के अलावा सरकार ने झज्जर के अंतर्गत आते सबसे महत्वपूर्ण शहर बहादुरगढ़ में भी डीसीपी के पद को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके चलते पलवल के एसपी मयंक मिश्रा को बहादुरगढ़ में डीसीपी तैनात किया गया है।

# सोशल मीडिया पर हथियार के साथ पोस्ट डालने वाले पांच लोगों पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** सोशल मीडिया पर हथियार सहित पोस्ट डालने वालों के खिलाफ पुलिस ने अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया है। वहीं 12 लोगों के परिजनों को बुलाकर सख्त चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए साइबर सेल टीम तैनात की गई है जो कि सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है। सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालना प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे समाज में डर का माहौल पैदा होता है। हथियारों का प्रदर्शन करते हुए यदि किसी का फोटो सोशल

**शिकंजा**

> 8 पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया है। वहीं 12 लोगों के परिजनों को बुलाकर सख्त चेतावनी दी

मीडिया पर पाया जाता है तो उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जा सकता है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट्स पर नजर रखी जा रही है। पुलिस द्वारा ऐसे 31 सोशल मीडिया अकाउंट चिन्हित किए गए हैं जो सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट डालते हैं और क्राइम ब्रांच की टीमों ने इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। 31 में से 17 व्यक्तियों को इन्वेस्टिगेशन में शामिल किया गया जिसमें क्राइम ब्रांच ने 5 आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट तथा अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत खेड़ी पुल थाने में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें खेड़ी कलां गांव के रहने वाले दीपांशु और सागर का नाम शामिल है। इसके अलावा दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कानूनी कार्रवाई गई है जिसमें मुझेड़ी के रहने वाले अजैब सिंह, तिलपत के रहने वाले ऋषभ, तथा मांगर के रहने वाले रोहित का नाम शामिल है।

# सरकार की अंत्योदय की भावना साकार करती है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबाद: केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना इसी अंत्योदय की भावना को साकार करती है। केंद्रीय राज्य मंत्री शनिवार को बल्लभगढ़ बस अड्डे पर फरीदाबाद से अयोध्या धाम जाने वाली वातानुकुलित वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए संबोधित कर रहे थे। इस वोल्वो बस में 37 श्रद्धालु फरीदाबाद से अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या दर्शन, हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा, पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ मन्दिरों के दर्शन करवाया जाना शामिल है। इसके अलावा अन्य तीर्थ स्थानों के लिए भी धीरे-धीरे पोर्टल खोलेंगे ताकि और तीर्थ यात्री जो देश में अन्य तीर्थ स्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है।

# बल्लभगढ़ को अब मिलेगी जाम से निजात, बनेगा रेलवे फ्लाईओवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व प्रदेश के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ शहर के लोगों को एक और बड़ी सौगात देते हुए करीब डेढ़ सौ करोड़ की लागत से बनने वाले बल्लभगढ़ सब्जी मंडी रेलवे फ्लाईओवर का नारियल तोड़ कर शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए की लागत से बल्लभगढ़ के रेलवे पुल को 7 लाइन बढ़ाया पुल बनाया जाएगा। इस परियोजना में पुल का विस्तार चार लेन से सात लेन करने के साथ-साथ इस पुल के नीचे से कई अंडर पास भी दिए जाएंगे। इससे बल्लभगढ़ में

**मिलेगी राहत**

> 8 पुल का विस्तार चार लेन से सात लेन करने के साथ-साथ इस पुल के नीचे से कई अंडर पास भी दिए जाएंगे

जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा और सड़क हादसों में भी कमी आएगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने सड़कों के निर्माण में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार को जिस कार्य की आधारशिला रखी है, उसमें फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पलवल जिला में आने वाले मित्रोल में 50 करोड़ व मुंडकटी में 30 करोड़ की लागत से अंडरपास बनाया जाएगा। उन्होंने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को भी इन कार्यों के लिए मेहनत करने पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। चारों तरफ रोड, पुल व अंडर पास बनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, टिपरचंद शर्मा, गोपाल शर्मा, हर प्रसाद गौड़, राकेश गुर्जर, मुकेश डागर, लखन बैनीवाल, दयानंद यादव, कैलाश वशिष्ठ, गजेंद्र वैष्णव, अनुराग गर्ग, सुखबीर मलेरना मौजूद रहे।

# फरीदाबाद के यंगेस्ट साइंटिस्ट जाएंगे नासा

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में रह रहे बिहार के भागलपुर जिले के छोटे से गांव धूर्वगंज के रहने वाले देश के सबसे यंगेस्ट साइंटिस्ट गोपाल के साथ देश के अलग अलग राज्यों से 13 स्कूली बच्चे नासा के एक प्रोजेक्ट में हिस्सा लेने के लिए अप्रैल में भारत से अमेरिका जाएंगे। बता दें कि नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन अमेरिकी सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी है। यह सिविलियन स्पेस प्रोग्राम के साथ एरोनॉटिकल्स और स्पेस रिसर्च के लिए काम करती है। बिहार के रहने वाले देश के सबसे यंगेस्ट साइंटिस्ट गोपाल जी (उम्र मात्र 23 वर्ष) बताते हैं कि वह पल्स एंड पेपर इंडस्ट्रीज में के साइंटिस्ट के पद पर काम कर रहे हैं। जिस प्रकार से ओलंपिक होता है उसी प्रकार से नासा एक इंटरनेशनल इवेंट करती है जिसे एचईआरसी (ह्यूमन एकस्प्रोलेशन रोवर चेलेंज) कहते हैं। यह इवेंट दुनियाभर के लिए ओपन होता है। इसमें नासा पूरी दुनिया के बच्चों को रोवर बनाने के लिए कहती है। इस साल पूरी दुनिया के 30 हाई स्कूल टीम और कुल 72 टीमों का चयन हुआ है, जिनमें 42 यूनिवर्सिटी लेवल की टीम में है। जिन टीमों का चयन हुआ है उनमें से एक टीम उनकी है।

रोवर बनाए जाने के चलते उनकी टीम का सिलेक्शन हुआ है। इस टीम का नाम टीम काइजल वाईएमआरडी और संस्था

**प्रोजेक्ट**

> 8 13 स्कूली बच्चे नासा के एक प्रोजेक्ट में हिस्सा लेने के लिए अप्रैल में भारत से अमेरिका जाएंगे

का नाम है यंग माइंडरिसर्च एंड डेवलपमेंट है। इस संस्था के संथापक खुद गोपाल जी हैं। गोपाल जी ने बताया कि इस बार उनकी टीम में भारत के अलग-अलग राज्यों से कुल 13 बच्चे सेलेक्ट हुए हैं। जिनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, भुवनेश्वर, अमरावती, दिल्ली एनसीआर से बच्चे चयनित हुए हैं। टीम 16 अप्रैल 2024 को नासा के लिए भारत से रवाना होंगी। जहां पर 19 और 20 अप्रैल को इवेंट होने जा रहा है। यंगेस्ट साइंटिस्ट गोपाल जी ने बताया कि उनकी संस्था यंग माइंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट एक एनजीओ है, जो रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए काम करती है। इस संस्था मुख्य उद्देश्य उन बच्चों की मदद करना है, जो इन्नोवेटिव, इनोवेशन और कोई रिसर्च है। संस्था द्वारा होनहार बच्चों को आर्थिक मदद से लेकर अन्य प्रकार की कोई मदद की जाती है। उनके रिसर्च को पैटर्न करने में पब्लिश करने में जो भी मदद होती है। जो बच्चा इस तरह के कंपटीशन में भाग लेना चाहता है उनकी संस्था ऐसे बच्चों को मदद करती है।

# 'जन-आक्रोश रैली में दिखेगा जनता का भाजपा के प्रति आक्रोश'

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रैली स्थल का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबाद: हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने शनिवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-12 स्थित (इंडियन ऑयल के सामने) ग्राउंड में रविवार को होने वाली ह्यजन-आक्रोश रैलीह्ल की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने रैली स्थल पर पहुंचकर जहां मंच की व्यवस्थाओं को देखा वहीं लोगों के बैठने, पंडाल के टैंट, एंट्री प्वाइंट आदि की भी रैली आयोजक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला से क्रमवार जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों के समक्ष दावा



किया कि लखन सिंगला के संयोजन में होने वाली यह रैली फरीदाबाद में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेगी और रैली में पहुंचने वाले हजारों-हजारों की संख्या में लोगों की हाजिरी भाजपा सरकार के खिलाफ सही मायनों में जनाक्रोश देखने को मिलेगा। उदयभान ने कहा कि आज हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, कानून व्यवस्था का दिवाला निकला हुआ है, वर्षो पुरानी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष को दिनदिहाड़े गोली से उड़ा दिया जाता है तथा छह कांग्रेस के विधायकों से भी फिरौती मांगी गई, इससे साबित होता है कि सरकार पूरी तरह से मूकदर्शक बनी हुई है। ना तो लोगों के हाथों में 15 लाख पहुंचे है और हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार मिला है। कांग्रेस पार्टी की पहली गारंटी ही युवाओं को रोजगार देने की है क्योंकि राहुल गांधी की सोच है कि देश में 25 साल से कम उम्र वाले हर ग्रेजुएट को उनकी पहली नौकरी गारंटी के तौर पर मिलेगी वहीं कांग्रेस की दूसरी और तीसरी गारंटी युवाओं को प्रशिक्षण मुहैया कराने और स्टाइपेंड देने की है।

# साइबर अपराध के दस मुकदमों में 24 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** साइबर पुलिस ने इस सप्ताह एक से सात मार्च 2024 तक साइबर अपराध के 10 मुकदमों में 24 आरोपी गिरफ्तार कर 10,45,500 रुपए बरामद किए है। पुलिस ने 113 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 92,750 रुपए रिफंड व 557418 रुपए बैंक खातों में सीज कराए। पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध जसलीन कौर ने बताया कि साइबर ठगो के द्वारा नए नए तरीकों से साइबर फ्रॉड किए जा रहे हैं, जिसमें स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग में मोटा मुनाफे का लालच देकर, सोशल मीडिया पर टास्क पूरा करने के नाम पर, लैप्स बीमा पॉलिसी का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं। फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर ठगी की जाती है। साइबर अपराधी कस्टमर केयर के फर्जी अधिकारी बनकर उससे बात करते हैं और उसकी निजी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं।

## महिला ने साथियों के साथ मिलकर दुकान और मकान पर किया कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबाद: टोहाना में एक महिला द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर एक मकान व दुकान पर कब्जा करके 50 लाख की डिमांड करने और सारा सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना निवासी अशोक कुमार ने कहा है कि उसका गीता कॉलोनी में मकान है और मकान के आगे भूना रोड पर दो दुकानें हैं, जो कि वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी है। उसने कहा कि 7 फरवरी को अपने पिता के इलाज को लेकर बाहर गया हुआ था।

# नारनौल: छह करोड़ रूपए की लागत से दताल में पहुंचेगा नहरी पानी: डा. अभय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौल:** हरियाणा सरकार ने सिंचाई विभाग की विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति देते हुए नांगल चौधरी हलके के गांव दताल में 6 करोड़ रुपये की लागत से 4 एकड़ में एक बड़ा जल भंडार बनाने की योजना को मंजूरी दी है। इस टैंक में नोलपुर डिस्ट्रीब्यूटरी के सात नंबर पंप हाउस से पानी भरवाया जाएगा। इसके साथ ही फालतू पानी को रिचार्ज के लिए काम लाया जाएगा। इस रिचार्ज की सुविधा से आस पास के गांवों के जल स्तर में सुधार होगा। यह जानकारी नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने शनिवार को दी। विधायक डा. अभय सिंह यादव ने बताया कि नांगल चौधरी हलके समेत समस्त महेंद्रगढ़ ज़िले के भूजल में सुधार की एक वृहद योजना सरकार ने बनाई है



जिससे सिंचाई विभाग द्वारा अनेक परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांचनोता के बरसाती बांधों को पक्का करने समेत अन्य कई प्रोजेक्टों पर टेंडर प्रक्रिया अंतिम स्टेज पर है। गांवों में बड़े-बड़े

**लाभार्थी**

> 8 15 गांवों में नई ट्यूबेल लगाने की स्वीकृति भी जनस्वास्थ्य विभाग से प्राप्त हो चुकी है

पक्के जल भंडार बनाकर नहरी पानी का भंडारण करने की एक ऐसी व्यवस्था बनाई गई है जहां बरसात के समय उपलब्ध नहरी पानी का रबी की फसल की सिंचाई के लिए लाया जाएगा। यह एक अनूठा प्रयोग महेंद्रगढ़ ज़िले में पहली बार हो रहा है और इसकी बड़े सार्थक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में जहां नहर का पानी ले जाना संभव नहीं है उन क्षेत्रों में बरसाती बांधों को पक्का करवाने का बड़े पैमाने पर काम हुआ है। अब एक इस तरह की व्यवस्था इन क्षेत्रों में बना दी गई है कि जब भी भारी बारिश होगी और यह सारे बांध भर जाएंगे तो इस क्षेत्र में आगामी कई वर्षों तक भूजल का लाभ प्राप्त होता रहेगा। नांगल चौधरी हलके के लगभग बीस से अधिक ऐसे बांध पक्के किए जा चुके हैं तथा एक सीमेंट कंक्रीट का बांध मूसनोता के पहाड़ों में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बरसात में इन सभी बांधों को भरने की भगवान से उम्मीद लगाए बैठे हैं, जब सरकार के बड़े काम के परिणाम साक्षात रूप में धरती पर नजर आएंगे। इसके अतिरिक्त नांगल चौधरी हलके में 15 गांवों में नई ट्यूबेल लगाने की स्वीकृति भी जनस्वास्थ्य विभाग से प्राप्त हो चुकी है तथा विभाग ट्यूबेल लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### बदमाशों ने गैरेज पर चलाई जेसीबी, सामान भी चुराकर ले गए साथ

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में बदमाशों के हौसले बुलंद है। करनाल के मेरठ रोड पर पंवार मोटर्स वर्कशॉप पर कुछ बदमाशों ने जबरन दो दुकानों व दुकान में बने मंदिर को जेसीबी से तोड़ डाला। इसके साथ ही गैराज में रखे सामान को भी चुराया गया है और कुछ सामान मलबे में दब गया है। बदमाशों द्वारा तोडफोड़ की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पीडित ने मामले की सिटी थाना पुलिस को दी, जिसके बाद डायल-112 को कॉल किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता रणधीर पंवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि पंवार मोटर्स वर्कशॉप के नाम से उनका पुश्तैनी गैराज है, जिसमें वह और उसका छोटा भाई प्रवीन कुमार चला रहे है। इसी गैरेज से उनका गुजर बसर हो रहा है। आज सुबह करीब छह बजे उनके गैराज में कुछ बदमाश जबरदस्ती घुस आए, जिन्होंने हमारी दो दुकानों को तोड़ दिया और दुकान में बने मंदिर को भी नहीं छोड़ा।

बदमाश बाइक व कार पर सवार होकर आए थे। जेसीबी मशीन भी साथ में लेकर आए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि गैराज में समान भी था, जिसको बदमाश चुराकर ले गए हैं और दुकान टूटने से सामान मलबे के नीचे दब चुका है। किसी के माध्यम से गैराज में बदमाशों के घुसने की जानकारी मिली। हमने पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस पहुंच गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिन दिहाड़े ही तोडफोड़ की घटना को अंजाम दिया गया है। ऐसे में बदमाश मुझे व मेरे परिवार को जानमाल का नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस घटना के बाद से ही पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। सिटी थाना के जांच अधिकारी जयपाल ने बताया कि करनाल मेरठ रोड पर पंवार मोटर्स वर्कशॉप में अज्ञात लोगों द्वारा गैराज में घुसकर सामान को तोड?, मलबे में सामान दबाने तथा सामान चोरी करके ले जाने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सोने के सूक्ष्म कणों से त्वचा की कोशिकाओं को मिलती है ताकत : अध्ययन

**नई दिल्ली : एक** चिकित्सा अध्ययन में दावा किया है कि गोल्ड यानी सोने के सूक्ष्म कण त्वचा की कोशिकाओं को ताकत दे सकते हैं। यह न सिर्फ त्वचा में सूखापन, संक्रमण, सूजन के जोखिम से बचाते हैं बल्कि उम्र के प्रभावों को रोकने में भी सक्षम है।

साइंस जर्नल एल्सेवियर में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि सूर्य की अल्टावायलेट किरणों, प्रदूषण और सिगरेट के धुंए से त्वचा की कोशिकाओं को क्षति पहुंचती है। एपिडर्मल और फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाओं को नुकसान होने पर कई तरह की समस्याएं पैदा होती हैं जिनकी रोकथाम में स्वर्ण के नैनो कणों से युक्त सौंदर्य उत्पादों की भूमिका अहम है। फ्रांस स्थित पेरिस विश्वविद्यालय के इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने सौंदर्य उत्पादों में स्वर्ण के नैनो कणों के इस्तेमाल की सिफारिश की है जो न सिर्फ बाहरी संक्रमण से बचाते हैं बल्कि ये बढ़ती उम्र के प्रभावों को भी रोकने में सक्षम हैं। प्राचीन ग्रंथ आयुर्वेद में पहले ही स्वर्ण भस्म की क्षमताओं का जिक्र मिलता है जिसके आधार पर भारत में इनसे युक्त उत्पादों की मांग खूब है। इस बारे में एमिल-आयुथवेदा के निदेशक डॉ. संचित शर्मा बताते हैं कि इंसान की कोशिश चेहरे की सुंदरता कायम रखना होती है। स्वर्ण के जरिए एपिडर्मल और फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाओं को बचाया जा सकता है। हाल ही में भारतीय शोधकर्ताओं के साथ मिलकर तैयार स्पार्कलिंग गोल्ड फेस वास में 24 कैरेट स्वर्ण के नैनो कण के साथ कश्मीरी केसर भी मिश्रित किया जो इसके प्रभावों को काफी बढ़ाता है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि स्वर्ण के नैनो कण त्वचा का रुखापन खत्म करते हैं जिससे छिद्रों में नमी बनी रहती है। त्वचा को संपूर्ण पोषण मिलता है और क्षतिग्रस्त कोशिकाएं फिर से स्वस्थ होने लगती हैं। इतना ही नहीं कोलेजन प्रोटीन बनने की प्रक्रिया तेज होने से त्वचा का लचीलापन बढ़ता है जो झुरियों को रोकता है।

# 'मोदी-मनोहर सरकार कर रही प्रत्येक वर्ग का कल्याण'

## लोगों को केन्द्र व प्रदेश की जनहित नीतियों एवं योजनाओं से अवगत भी कराया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मोदी** व मनोहर की राम-राम जी का संदेश लेकर लोगों के बीच पहुंचे विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र के गांव छपरियो में लोगों के पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश के बारे जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने लोगों को केन्द्र व प्रदेश की जनहित नीतियों एवं योजनाओं से अवगत भी कराया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने इस दौरान लोगों को बताया कि नरेन्द्र मोदी व मनोहर लाल की डबल इंजन की सरकार मिलकर जनता के हित में अंत्योदय के सिंद्वात पर कार्य कर रही है। अंत्योदय का मतलब समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण है। केन्द्र व प्रदेश सरकार का यही उद्देश्य है कि सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ग के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई है। सरकार ने किसानों के हित में मेरी फसल, मेरा ब्यौरा, योजना चलाई है, इस योजना के अन्तर्गत लाखों किसान अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाकर इसका लाभ ले रहें हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद किया जा रहा है। किसानों की फसलों में नई तकनीक ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया जाएगा, इससे न केवल पैसे की बचत होती है बल्कि समय की भी बचत होती है। प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध



करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे किसानों में जागरूकता बढ़ाने से प्रदेश में पराली जलाने के मामलों में 67 प्रतिशत की कमी हुई है।

विधायक ने मोदी व मनोहर लाल संदेश के माध्यम से लोगों को बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने स्वयं सहायता समूह बनाए है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुडकर महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि वे इसके तहत घर से बाहर निकलकर अपना व्यवसाय भी चला पा रही हैं तथा अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। इस योजना की विशेष बात यह है कि इस योजना में उन महिलाओं को शामिल किया जा रहा है जिनकी आर्थिक स्थित बहुत ही कमजोर है। योजना के तहत समूह बनाकर ऐसी महिलाओं को बैंक के माध्यम से मामूली ब्याज दर पर बैंक से ऋण उपलब्ध करवा कर उनका व्यवसाय शुरू करवाया जाता है। सरकार की इस योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी सुधरने लगी है और वे अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।

विधायक ने बताया कि भावातंर भरपाई योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और इसका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उदेश्य सब्जी उत्पादक किसानों के जोखिम को कम करना है, ताकि किसान को कम से कम उसका लागत मूल्य मिल सके। यदि मण्डी में उसकी फसल निर्धारण रेट से कम बिकता है तो किसान के कम रेट के अन्तर को सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान को अपनी फसल का पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में बुढ़ापा पेंशन मात्र एक हजार रुपए थी, लेकिन भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में इसे बढ़ाकर 3000 रूपए करने का सराहनीय कार्य किया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने लोगों को बताया कि सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे 45 वर्ष से अधिक आयु के विधुरों की पेंशन लगाने, दयालू योजना के अन्तर्गत 6 वर्ष से 60 वर्ष की आयु तक मृत्यु होने पर सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करना,

## भोले के भजनों पर सराबोर हुए श्रद्धालु, देर शाम तक गूंजे जयकारे



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिव** प्रभातफेरी मंच की ओर से महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंच की ओर से निकाली गई प्रभातफेरी ने बीती शाम संपूर्ण विश्राम लिया। कार्यक्रम में भजन गायकों ने बम-बम बोल रहा है, शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ सहित अन्य भोले के भजनों पर श्रद्धालु सराबोर नजर आए।

मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि स्वच्छ हृदय से भक्ति करने वाले सभी भक्तों को मनोकामनाएं पूरी होती है। शहर से लेकर अंचल तक शिवमयी वातावरण में धूमधाम से पर्व मनाया गया। प्रभातफेरी सेक्टर-14 में शिव भक्त चिराग गुप्ता के निवास से प्रारंभ हुई और सेक्टर-5 स्थित नूर ए वतन में विश्राम लिया। देर रात तक दर्शन पूजन और शिव भजनों का दौर चला।

## कुश्ती का खेल देश का परंपरागत खेल : अशोक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महाशिवरात्रि** के अवसर पर कुश्ती के जाने माने खिलाड़ी स्वर्गीय पवन पहलवान की याद में श्री राम लीला मैदान में 14वां इंटरनैशनल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें असपास के साथ प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से आए बड़े पहलवानों ने भाग लिया। दंगल देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसमें रौचक कुश्ती के मुकाबले हुए। पहलवानों ने अखाड़े में दम खम दिखाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस के पूर्व प्रधान अशोक खुराना पहुंचे। उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिव जी की प्रतिमा के साथ पवन पहलवान की तस्वीर पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया।

## 'राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा मोहिंदर पाल तुली का जीवन'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला संयोजक और एक सरल एवं सहज व्यक्तितव के धनी शिक्षक एवं समाजसेवी प्रेम कॉलोनी निवासी मोहिंदर पाल तुली 62 वर्ष की आयु में अकस्मात ही इस दुनिया से विदा हो गए। मोहिंदर पाल तुली का जीवन समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किए गए उनके कार्यों को सदैव याद किया जाएगा।

मोहिंदर पाल तुली के परिवार में उनकी पत्नी गुरविंदर कौर, बेटा जयदीप तुली व बेटी मनीष अमन हैं। वह परिवार के लिए एक मजबूत आधार और प्रेरणास्त्रोत थे। उनके निधन से परिवार जनों जीवन में आई रिक्तता की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। आज वह सशरीर इस संसार में नहीं हैं, पर उनसे जुड़ी स्मृतियां व जीवन मूल्य परिवार के साथ बने रहेंगे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी मोहिंदर पाल तुली ने शिक्षा क्षेत्र को समृद्ध किया व इस दिशा में विभिन्न पहलुओं पर उनके द्वारा किए गए कार्य बेमिसाल हैं। अपनी लगन व परिश्रम से एक विशेष पहचान बनाने वाले मोहिंदर पाल तुली द्वारा निभाए गए विभिन्न किरदार दर्शकों के दिलों में मधुर स्मृति की तरह सदैव बने रहेंगे। वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति थे और समाज सेवा की गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहते थे। उनके बेटे जयदीप तुली भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र सेवा में निरंतर कार्य कर रहे।

उन्होंने बताया कि उसे विदेश से पढ़ाई करके लौटे मुश्किल से एक माह भी नहीं हुआ था, उनके पिता जी का हमेशा के लिए उनसे दूर हो जाना एक अपूर्णीय क्षति है। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्री अखँड पाठ भोग व अंतिम रस्म क्रिया 10 मार्च को दोपहर 1 से 2 बजे तक निर्मल कुटिया जरीफा फार्म में होगी।

## रक्तदान अति पुण्य का कार्य: देव कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के साथ नशे के विरुद्ध किया जागरूक

### शिविर में मुख्य महाप्रबंधक देव कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि वरिष्ठ महाप्रबंधक वीपी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पॉवरग्रिड** में 53वें राष्ट्रीय संरक्षा दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के साथ-साथ नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य महाप्रबंधक देव कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि वरिष्ठ महाप्रबंधक वीपी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सुधीर कुमार विशिष्ट अतिथि थे।

यह कार्यक्रम सुरक्षा अधिकारी बीआर रेड्डी और स्टार रक्तदाता प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में हुआ। 167 बार रक्तदान के साथ 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी के नाम से विख्यात पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम के



संयोजक थे। मुख्यातिथि देव कुमार और अन्य अधिकारियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया।

देव कुमार ने कहा कि रक्तदान अति पुण्य का कार्य है। वीपी श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। स्टार रक्तदाता प्रदीप गर्ग और सुरक्षा अधिकारी बीआर रेड्डी ने शिविर के संचालन की व्यवस्था की, जिसमें सहायक प्रबंधक अनुपमा सहाना का विशेष योगदान रहा।

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि मनुष्य का रक्त सड़कों पर नालियों में नहीं, अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाडि?ों में बहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करे, न कि अपनी नसों में नशे के टीके लगाकर जीवन को नष्ट करे। युवाओं को चाहिए कि नशे के टीके के स्थान पर रक्तदान की सुई लगवाकर अन्य लोगों के जीवन को बचाने में योगदान दे।

**सम्मान**

**8 मुख्यातिथि देव कुमार और अन्य अधिकारियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया**

कार्यक्रम के अंत में डॉ. वर्मा ने उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करा शपथ ग्रहण करवाई। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में 47 इकाई रक्त संग्रह किया गया। शिविर में परमजीत, सुरजीत सिंह, विकास कुमार, योगेश गौतम, रिंकू, केशव गुप्ता, अंग्रेज सिंह, जोगिंद्र सिंह, गोपेश कुमार, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, शिव शक्ति, टोनी, बलबीर, रविंद्र, करम चंद, संदीप कुमार, सुरेंद्र, बीआर रेड्डी, साहिल, रोहित, प्रदीप, परमीत, अजय, गुरनेक, अंग्रेज, राहुल, नरेंद्र, शुभम, विचित्र, अभिषेक, गौरव, सतबीर, रणदीप, राजीव, प्रेम, श्रीराम, जगमेंद्र, सत्येंद्र, करम सिंह और एक महिला अभिलाषा ने रक्तदान किया।

## गुस्साए ग्रामीणों ने किया सिटी थाने का घेराव

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के किसान चौक पर 4 मार्च की रात साढ़े 9 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। जिसने इलाज के दौरान 2 दिन बाद दम तोड़ दिया था। यह पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसे परिजनों ने पुलिस के हवाले कर दिया था। हादसे के 5 दिन बाद भी कार ड्राइवर की गिरफ्तारी न होने से परिजन भडक गए।

गांव बडौता के ग्रामीणों के साथ परिजनों ने आज सिटी थाने का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी कार ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान जांच अधिकारी ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए।वहीं मामला गमार्ता देख एसएचओ सुल्तान सिंह परिजनों से मिले और ड्राइवर की गिरफ्तारी के लिए 2 दिन का समय मांगा। इस आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हो गए और वापस लौट गए।

गांव बड़ौता निवासी 24 वर्षीय विक्रम के चचेरे भाई विकास नैन ने बताया कि विक्रम मिल में प्राइवेट जॉब करता था। उसके पिता राय सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं, जिनका इलाज करनाल के ही निजी अस्पताल में चल रहा है। बीती 4 मार्च की रात विक्रम अपने पिता को अस्पताल में खाना देकर घर जा रहा था।

दो किसान चौक पर एक बिट गाड़ी ड्राइवर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी और आरोपी मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने विक्रम को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। विकास ने बताया कि हादसे की सीसीटीवी फुटेज उन्होंने उसी समय पुलिस को सौंप दी थी।

## व्यक्ति से 25 लाख की धोखाधड़ी, पैसे डबल करने का दिया झांसा, जादू कर बेहोश किया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बहलोलपुर निवासी एक व्यक्ति के साथ हाथों हाथ पैसा डबल करने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी हुई है। आरोपी करनाल के कर्ण विहार में पीड़ित के चाचा के मकान पर आए थे, जहां उन्होंने पीड़ित पर जादू टोना किया और वह बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी 25 लाख की नकदी से भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गया। जब पीड़ित को होश आया तो तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पीड़ित ने अपने परिजनों को आपबीती बताई और मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहलोलपुर निवासी पीड़ित उधम सिंह करीब 7 एकड़ का जमींदार है और जमीन ठेके पर लेकर भी खेती करता है। उसके पास दोस्त राजू का दिल्ली से फोन आया और उसने उसे एक मोबाइल नंबर देकर बात करने के लिए कहा और बताया कि यह पैसे डबल करता है। उसने फोन किया तो कॉलर बोला कि महाराष्ट्र चले जाओ। उसने अपनी स्विफ्ट कार उठाई और महाराष्ट्र चला गया, जहां उसे गुरुजी और शुभम मिले। इन लोगों ने इतना कहा कि तुम्हें सिर्फ अपना पैसा हमें दो मिनट के लिए दिखाना होगा और उसके बाद पैसा हाथों हाथ डबल हो जाएगा। वह उनके झांसे में आ गया और घर आकर पैसे का इंतजाम किया।

7 मार्च को वह पैसा लेकर कर्ण विहार में अपने अंकल के मकान पर पहुंचा, जो बंद पड़ा था। उसने उसे खुलवाया, वहीं पर गुरु जी और शुभम को बुला लिया।

## 'आत्म-अनुशासन, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ बढें आगे'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहीद भगत सिंह फाउंडेशन नाम के एनजीओ द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वायु सेना में कार्यारत स्क्वाड्रन लीडर सोनिया शर्मा तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सिम्मी कपूर ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर सोनिया शर्मा ने जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्म-अनुशासनए दृढ़



संकल्प और कड़ी मेहनत के महत्व को बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि महिलाओं को महिलाओं का उत्थान करना चाहिए। सामाजिक वर्जनाएं मिटाएं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना सीखें। उन्होंने महिलाओं को शांत और विनम्र रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपकी खुशी सिर्फ आपके हाथ में होनी चाहिए और आपकी खुशी की चाबी दूसरों के हाथ में नहीं होनी चाहिए।

डॉ. सिम्मी कपूर ने स्वास्थ्य के चार प्रकार बताये शारीरिक मानसिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक। उन्होंने सलाह दी कि अच्छे अस्तित्व के लिए व्यक्ति को जीवन रक्षक कौशल सीखना चाहिए। उन्होंने सभी महिलाओं से खुद से प्यार करने और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर शहीद भगत सिंह फाउंडेशन द्वारा सोनिया शर्मा, डॉ. सिम्मी कपूर, खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह, प्रोफेसर अंजू चौधरी, प्रोफेसर डॉ. देवी भूषण, कविता दुआ सरकारी स्कूल निसिंग में व्याख्याता, सामाजिक कार्यकर्ता ममता, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज रिद्धि फोर व एनसीसी कैडेट रीति को सम्मानित किया गया।

# विश्व नागरिक बनाने का केन्द्र होगा सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय: शत्रुजीत कपूर

## परिवार में नहीं होने देगे हादसा, बच्चों को दिलाई शपथ, सडक सुरक्षा सामाजिक जिम्मेदारी , पुलिस लाइन में बचपन को संवारने की नई पहल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस** विभाग द्वारा हरियाणा के सभी पुलिस लाईन में सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में आज करनाल के पुलिस लाईन में स्थित सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय का उद्घाटन हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के सभी पुलिस लाइन में पुस्तकालय निर्माण की घोषणा की थी, जिसके तहत प्रथम पुस्तकालय सोनीपत में निर्मित हुआ। आज उसी श्रृंखला में दूसरे पुस्तकालय का उद्घाटन हरियाणा के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हरियाणा के सभी पुलिस लाइन में पुस्तकालय का निर्माण जारी है। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित ये पुस्तकालय, जिसके माध्यम से किताबें, कंप्यूटर, किंडल और स्मार्ट बोर्ड के साथ विदेशी भाषा लर्निंग सेंटर साइबर युग में बाल मन तक ज्ञान पहुंचाने की नई मुहिम है। उन्होंने बताया कि वातावनुकूलित



पुस्तकालय परिसर में एक साथ 50 से अधिक पाठकों को बैठकर अध्ययन करने के लिए आधुनिक फर्नीचर का प्रबंध किया गया है। भविष्य में पुस्तकालय को और वृहद स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिसके अन्तर्गत विदेशी भाषा लर्निंग केन्द्र, एक महत्वाकांक्षी योजना है। पुलिस



लाइन परिसर एवं आसपास के विद्यार्थियों के लिए भाषा संबर्द्धन का यह केन्द्र बाल मन को विश्व नागरिक बनाने का केन्द्र बनेगा सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय।

करनाल के आईजी सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि ज्ञान की दुनिया का यह संस्थान नई पीढ़ी को समर्पित है। 3000 किताबें, 10 कंप्युटर के माध्यम से 25000 ई-बुक्स एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से एनसीआरटी के आर्काइव्स की किताबों को विशेष रूप से पढ? के लिए उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय के द्वारा विशेष रूप से प्रतियोगी छात्रों के लिए ऑनलाईन कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यार्थियों को वैश्वीकरण के दौर में विश्व नागरिक बनाने के लिए विदेशी भाषा लर्निंग केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसके संचालन में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का विदेशी भाषा विभाग शोध छात्रों एवं विषय विशेषज्ञ के माध्यम से नियमित सहयोग करेंगे। इस केन्द्र में विशेष रूप से अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश और जापानी भाषाओं को सीखने का प्रबंध किया जा रहा है।

एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा पुलिस लाईन परिसर में संचालित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के समीप में संचालित केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी यह पुस्तकालय ज्ञान पिपाशा का केन्द्र बनेगा।

## संपादकीय

# वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली

**वायु से** आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। ह्यद लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, "तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता"-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें "वायु" प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, 'वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं "आदित्य ह वै प्राणौ"-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है। वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन "मरूद्गण" कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं- मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य"-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है।

# लोकसभा चुनावः अधिसूचना की उल्टी गिनती शुरू

किशन सनमुखदास

> "साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करें। निर्वाचन आयोग की गाइलाइन के मुताबिक वोटिंग से पहले वोटर्स के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है . । इस स्याही को नाखून के ऊपर गांठ तक लगाई जाती है।अगर किसी की तर्जनी उंगली नहीं है तो ऐसी हालात में वोटर्स के बाएं किसी भी उंगली में नीली स्याही लगाई जा सकती है।अगर वोटर्स का बाया हाथ ही नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में मतदाता के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है। यदि मतदाता के दोनों हाथों में कोई उंगली नहीं है तो ऐसे में उसके हाथ के किसी भी एक हिस्से पर स्याही लगाई जाती है"

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां की निगाहें संसार की सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। लोकतांत्रिक स्वायत्त संस्था चुनाव आयोग भी पिछले कई हफ्तों से चुनाव की तैयारी में लगा हुआ हैजिसमें आज 8 मार्च 2024 को चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह सचिव व सहयोगियों के साथ बैठक हुई उधर चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण रोल अदा करने वाली चुनावी अमिट स्याही जिसे तर्जनी पर लगाया जाता है, करीब 15 मार्च 2024 तक अपना पूरा उत्पादन कर चुनाव आयोग के हैंडओवर करने की संभावना व्यक्ति की गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में तैयारी चुनाव आयोग मेंलगभग पूर्ण कर ली है ऐसा मेरा मानना है। इसलिए ही शायद 14-15 मार्च 2024 को तारीखों के ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है।हालांकि मेरा मानना है कि इस अमिट स्याही जो शायद आम नागरिक इतना सीरियसली नहीं लेते या उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण स्याही पर नहीं जाता इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग की केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, उंगलियों की तर्जनी पर लगाए जाने वाली स्याही सहित सबसे समीक्षा बैठक भी तारीखों पर मंथन शुरू।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग की अंतिम चरणों की तैयारी में एक दिनांक 8 मार्च 2024 को केंद्रीय गृहसचिव और उनके सहयोगियों के साथ बैठक की करें तो, लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से कुछ दिन पहले, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने आम चुनाव के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करने हेतु गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया है। मिडिया नें बताया कि गृह सचिव शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और साथी चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती पर चर्चा की।यह बैठक चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की जम्मू-कश्मीर यात्रा से कुछ दिन पहले हो रही है। चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार विधानसभा चुनावों के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। लगभग 97 करोड़ मतदाताओं के साथ, चुनाव आयोग पूरे भारत में लगभग 12.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करेगा।वहीं चुनाव आयोग रेलवे के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। रेलवे विभिन्न चरणों के दौरान केंद्रीय बलों को तैनाती के लिए ले जाने



में प्रमुख भूमिका निभाता है। ऐसे में चुनाव घोषणा के पहले रेलवे से भी निर्वाचन आयोग विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए खास वार्ता करेगा। लोकसभा 2024 चुनाव की तारीखों की घोषणा 14 या 15 मार्च को होने की संभावना है। मिडिया में बताया कि चुनाव 2019 की तरह 7 चरणों में हो सकते हैं। पहले चरण के लिए मतदान अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हो सकता है। 14 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है। अमिट स्याही वालों भी बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू हो गई हैं। 2024 के आम चुनाव में 30 लाख वायल अमिट स्याही का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी आयु अधिकतम 6 महीने ही होती है, इसलिए चुनाव की तिथि के 1 से 3 महीने के अंदर ही इसकी सप्लाई की जाती है. इसे समय से तैयार किया जा सके, इसलिए चुनाव आयोग से कम से कम 6 महीने पहले इसका आर्डर ले लिया जाता है।

साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करे। निर्वाचन आयोग की गाइलाइन के मुताबिक वोटिंग से पहले वोटर्स के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है.। इस स्याही को नाखून के ऊपर गांठ तक लगाई जाती है।अगर किसी की तर्जनी उंगली नहीं है तो ऐसे हालात में वोटर्स के बाएं किसी भी उंगली में नीली स्याही लगाई जा सकती है।अगर वोटर्स का बाया हाथ ही नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में मतदाता के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है।यदि मतदाता के दोनों हाथों में कोई उंगली नहीं है तो ऐसे में उसके हाथ के किसी भी एक हिस्से पर स्याही लगाई जाती है।यदि वोटर्स का दोनों हाथ ही नहीं है तो इस स्थित में उसके पैर के अंगूठे पर स्याही से निशान लगाया जाता है। दरअसल, फर्जी मतदान रोकने और वोट डाल चुके मतदाता की पहचान के लिए यह विशेष स्याही बाएं हाथ की तर्जनी में लगाई जाती है, जो एक सेकंड के अंदर अपना निशान छोड़ती है और 40 सेकंड से भी कम समय में सूख जाती है। इसे कम से कम 72 घंटे तक मिटाया नहीं जा सकता है और कई अंगुलियों पर इसका रंग 15 दिनों तक लगा रहता है।वोट डालने के बाद बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर लगी स्याही के साथ सेल्फी आपने भी जरूर ली होगी। खासतौर से युवाओं में इसे लेकर काफी क्रेज देखने को मिलता है। मौजूदा विधानसभा चुनावों में भी लोगों ने वोट डालने के बाद जमकर सोशल मीडिया पर सेल्फी पोस्ट की हैं। साथियों बात अगर हम अमिट स्याही की जरूरत की करें तो हमारे देश में साल 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए थे। उस चुनाव में कई लोगों ने किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर वोट डाल दिया तो कईयो ने एक से अधिक बार मतदान का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के पास जब इस तरह की शिकायतें आईं, तो उसने इसका समाधान निकालने के विकल्पों पर विचार किया। चुनाव आयोग ने सोचा कि क्यों ना मतदाता की उंगली पर एक निशान बनाया जाए, जिससे यह पता लग सके कि वो वोट डाल चुका है। इसमें मुश्किल यह थी कि जिस स्याही का निशान बनाया जाए, वह अमिट होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने इसके लिए नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी ऑफ इंडिया से संपर्क किया। इसके बाद एनपीएल ने ऐसी अमिट स्याही तैयार की, जिसे ना तो पानी से और ना ही किसी केमिकल से हटाया जा सकता था। एनपीएल ने यह स्याही बनाने का ऑर्डर मैसूर पेंट एंड वार्निश कंपनी को दिया। साल 1962 में हुए चुनावों में पहली बार एमपीवीएल कंपनी द्वारा बनाई अमिट स्याही का इस्तेमाल किया गया। तब से लगातार इस स्याही का उपयोग चुनावों में हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस स्याही का निशान 15 दिनों से पहले नहीं मिटता। चुनावों में इस्तेमाल होने वाली इस अमिट स्याही का फॉर्मूला गुप्त है। ना तो नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी ऑफ इंडिया ने और ना ही मैसूर पेंट एंड वार्निश लिमिटेड ने इस स्याही के फॉर्मूले को सार्वजनिक किया है। एक बार ऐसी अफवाह उड़ी थी कि इस स्याही को बनाने में सुअर की चर्बी का प्रयोग किया जाता है, लेकिन इन अफवाहों को खारिज कर दिया गया। कुछ जानकारों के मुताबिक इस स्याही में सिल्वर नाइट्रेट का प्रयोग होता है। इससे अमिट स्याही फोटोसेंसिटिव प्रकृति की हो जाती है। इसके चलते यह स्याही कुछ ही देर में सूख जाती है। साथियों बात अगर हम अमिट स्याही के अंतरराष्ट्रीय चुनावी उपयोग की करें तो, एमपीवीएल की बनी अमिट स्याही का प्रयोग सिर्फ भारत में ही नहीं होता। दुनियाभर के कई सारे देश एमपीवीएल से यह अमिट स्याही खरीदते हैं और अपने यहां चुनावों में इसका उपयोग करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 28 देश एमपीवीएल से यह स्याही खरीदते हैं। इन देशों में दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, मलेशिया, मालदीव, कंबोडिया, अफगानिस्तान, तुर्की, नाइजीरिया, नेपाल, घाना, पापुआ न्यू गिनी, बुर्कीना फासो, बुरुंडी, टोगो और सिएरा लियोन भी शामिलहै। स्याहीएमपीवीएल के एमडी ने मिडिया में बताया कि मलेशिया, कंबोडिया, दक्षिण अफ्रीका मालदीव, तुर्की, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, पापुआ न्यू गिनी, बुर्कीना फासो, बुरुंडी और टोगो समेत एशिया और अफ्रीका के करीब 30 देश हैं, जहां के आम चुनाव में मैसूर की ये स्याही उपलब्ध करवाई जा चुकी है। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 384 करोड़ लागत की स्याही का उपयोग हुआ था। जबकि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में 3,000 लीटर स्याही का इस्तेमाल हुआ था। एमवीपीएल की वेबसाइट बताती है कि उच्च क्वालिटी की चुनावी स्याही 40 सेकेंड से भी कम समय में सूख जाती है।

## कविता

### नारी तुम प्रेरणा हो

नारी तुम प्रेरणा हो
मेरा विस्वास हो,
तुम ही मेरे जीवन का
आस हो।
तुम निधि हो,निर्धारण
हो
तुम मेरे भूतकाल हो।
और तुम्ही वर्तमान
हो।
तुम मेरे कदम हो
तुम ही मेरे मार्गदर्शक
हो।
तुम शक्ति स्वरुपा
काली हो
तुम समृद्धि देने वाली
लक्ष्मी हो।
तूम विकट
परिस्थितियों से-
बचाने वाली दुर्गा हो।
तुम दयामयी
तुम ममतामयी
तुम ही वात्सल्यमयी
हो
तुम माँ हो।
तुम बहिन हो
तुम बेटी हो
और तुम ही
जीवनसंगिनी-
अर्धांगनी हो।
तुम क्षमावान हो
तुम्ही धैर्यवान हो
तुम कौशल की खान
हो
तुम ही क्षमता में
महान हो।
तुम हो जन्मधात्री
तुम ही पालनहार हो
तुम ही प्रकृति हो
तुम सिरजनहार हो।
तूम ही नवरात्र की
हेतु हो
तुम ही नवस्वरूपा
नारी हो
और तुम ही नवकन्या
हो।
तुमसे यह सृष्टि है
तुमसे ही यह प्रकृति
है।

**अशोक पटेल"**

# देश की वैश्विक स्थापना

**संजीव**

**वैश्विक** परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता,संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती है' इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति,शिक्षा,संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति,संस्कार उसे समुद्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी "सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत" दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा,सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरूआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है।

आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है,और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए।

## विचार

# भारतीय संदर्भ में महिलाओं के अधिकारों एवं धरातलीय विकास की

**संजीव**

**भारतीय संदर्भ में म**हिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही है' शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14% लगभग भूमिका या भागीदारी है ।निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20% से अधिक नहीं है' सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45% महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही है' वास्तविक स्थिति दशार्ये आंकड़ों के विपरीत ही हैं। भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी' वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया है' भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पी,वी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त,साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर,इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया है'

भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता है' महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है ।और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है।घरों में समाज में सदैव लड़कों को घर का उत्तराधिकारी मानकर उन्हें प्रत्येक कार्य में वरीयता प्रदान की जाती है,एवं घर की लड़कियों को कमतर आंक कर केवल घर के कामों में ही व्यस्त रखा जाता है।, यह छोटे या बड़े अंतर ही महिलाओं को मानसिक रूप से गुलामी के लिए मजबूर कर वैचारिक हथकड़ियां पहनाते हैं।

हमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी उनकी भूमिका योगदान एवं स्थिति को एकदम स्पष्ट करना आवश्यक है। बहुत महिलाओं की भूमिका का परीक्षण अत्यंत छोटे स्तर पर करना आवश्यक है। महिलाओं को बचपन से ही मानसिक तथा शारीरिक स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार की प्रेरणा दी जानी चाहिए। धीरे बोलना, धीरे हंसना, बाहरी लोगों से दूर रहना एवं बाहर खेलने नहीं जाने की स्वतंत्रता नहीं देना एक तरह से महिलाओं के लिए प्रताड़ना ही है। यह यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से है, तो निश्चित तौर पर महिलाओं के लिए उपयोगी है। पर महिलाओं को स्वतंत्र रूप से उनके कार्य क्षमता के अनुरूप काम ना करने दिया जाना,महिलाओं के स्वतंत्रता सशक्तिकरण में एक बड़ी रुकावट ही है। इसी तरह पारिवारिक मामलों में परिवार के आर्थिक मामलों में उनकी भूमिका कमजोर या नगण्य होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# परीक्षा में सफलता के लिए मेमोरी ट्रिक्स और निमोनिक्स

**विजय गर्ग**

**छात्रों के** बीच परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का दबाव लगातार बना रहता है। शिक्षाविदों में सफलता न केवल बुद्धिमत्ता पर बल्कि प्रभावी ज्ञान अर्जन और उसे बनाए रखने पर भी निर्भर करती है। स्मृति वृद्धि का एक दिलचस्प पहलू फोटोग्राफिक मेमोरी का विकास है। इसमें जानकारी को मानसिक छवियों में परिवर्तित करना, व्यक्तियों को जटिल अवधारणाओं को देखने और व्यवस्थित करने में सक्षम बनाकर याद दिलाने में सहायता करना शामिल है। यहां आपके अध्ययन के अनुभव को बढ़ाने और फोटोग्राफिक मेमोरी विकसित करने के लिए कुछ निमोनिक्स और मेमोरी तकनीकें दी गई हैं, जो आत्मविश्वासपूर्ण परीक्षा प्रदर्शन के लिए रटने की बजाय सक्रिय सीखने की ओर ले जाती हैं:

**1. नींद को प्राथमिकता दें**

अक्सर अनदेखी की जाती है लेकिन प्रभावी सीखने के लिए मूलभूत तत्व गुणवत्तापूर्ण नींद को प्राथमिकता देना है। लगातार, आरामदायक नींद स्मृति समेकन को मजबूत करती है।

एक अच्छी तरह से आराम पाने वाला मस्तिष्क परीक्षा के दौरान सफलतापूर्वक याद करने के लिए जानकारी को एन्कोड करने और बनाए रखने के लिए काफी बेहतर ढंग से सुसज्जित होता है।

**कहानी कहने की तकनीक**

जटिल जानकारी को छोटे, सुपाच्य टुकड़ों में तोड़ें और उन्हें एक कथा में पिरोएं। किसी कहानी के साथ जानकारी जोड़ने से समझ और याददाश्त बढ़ती है छात्र न केवल सामग्री को अधिक आसानी से समझते हैं बल्कि बाद में इसे पुनः प्राप्त करने की उनकी क्षमता में भी सुधार होता है।

**व्यावहारिक अनुप्रयोग समझ को बढ़ाता है**

अवधारणाओं के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोगों को समझने से समझ मजबूत होती है।

उदाहरण के लिए, यह समझना कि धातु चालकता के कारण विमान सफेद क्यों होते हैं या बिना पहियों के चलने वाली बुलेट ट्रेनों के पीछे विद्युत चुंबकत्व को समझने से अवधारण में काफी सुधार हो सकता है।

मेमोरी ट्रिक्स, परीक्षा के लिए मेमोरी ट्रिक्स, परीक्षा के लिए याद करने के ट्रिक्स, परीक्षा के लिए निमोनिक्स।

# आओ बेवकूफ बनते हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं** बहुत दिनों से पंडिताई कर रहा था। मुझे पंडिताई का खास ज्ञान तो नहीं है लेकिन लोग खुद-ब-खुद बेवकूफ बनने के लिए तैयार हों तो मैं उनकी बेवकूफी को अपना ज्ञान बना लेता हूँ वह क्या हैं न कि जिस तरह अशुद्ध भोगियों से शुद्ध चीजें नहीं पचतीं ठीक उसी तरह से मूर्खों को ज्ञान की बातें समझ नहीं आतीं। इसीलिए तो चार कौओं के बीच में कोयल भी खुद को कौआ मानकर रह जाता है। वैसे भी रीलधारी मूर्खता भरी हरकतें कर लाखो कमा लेते हैं जबकि बुद्धिमान कहलाने वाले डिग्रीधारी उधारी पर जिंदगी जिए जाते हैं। एक दिन मैंने अपने घर पर गारंटी वाली भविष्यवाणी का बोर्ड लगा दिया। भविष्यवाणी गलत होने पर पैसा वापस वाली पंक्ति बड़े-बड़े अक्षरों में लिखवा दी। शुक्र है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था आज भी इतनी अपडेट नहीं हुई है कि वह भविष्यवाणियों को मात दे सके। मैं इसी बहती गंगा में हाथ, पैर या यूं कहिए साष्टांग डूब कर अपनी चांदी (हो सके तो सोना भी) करना चाहता था। इस धंधे में कामयाबी अपनी काबिलियत के हिसाब से नहीं सामने वाले की बेवकूफी पर निर्भर करती है। सड़कछाप भविष्यकताओं के प्रति अंधभक्तों की लक्ष्मी जेब से निकल-निकल कर मेरा तिलक करना चाहती है तो मैं अपना माथा कैसे पोंछ सकता हूँ। वरना यही मूर्ख अंधभक्त मुझे बेवकूफ कहकर किसी और बड़े बेवकूफ के पास जायेंगे। भला दुनिया में बेवकूफों की कमी है जो मेरे पास उल्टे कदम आने की भूल करेंगे। लोगों को बेवकूफ बनाने का धंधा अत्यंत प्राचीन है। वर्तमान में अपनी पराकाष्ठा दिखा रहा है। भविष्य इसका उज्ज्वल है। ऐसा महान व्यापार छोड़कर मैं बेवकूफों की फेहरिस्त में अपना नाम दर्ज नहीं कराना चाहता। एक दिन एक अंधभक्त मेरे पास आया। उसकी उंगलियां कम थी अंगूठियां ज्यादा थीं। चेहरा एक था चिंताएँ अनेक थीं। आंखें दो थी लेकिन रोने के लिए पूरा बदन पड़ा था। मैं उसके डर में अपना व्यापार खोजने लगा। मैंने उसकी समस्या जानी और पता चला कि घर में आर्थिक तंगी चल रही है। मैं सॉफ्टवेयर में उसका नाम और जन्मतिथि भर कर पंचांग निकालने ही वाला था कि वह बोल उठा- महाराज! इसकी आवश्यकता नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### खुबडू रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गन्नौर। शनिवार** को खुबडू रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बजाना हाल निवासी गन्नौर शहर के युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी एसआई भगत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दी। जीआरपी ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी एस आई भगत सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह सचखंड एक्सप्रेस पानीपत से दिल्ली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान 29 वर्षीय अशोक रेलवे लाईन पार कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### निर्माणाधीन पोलट्री फार्म से जनरेटर सैट चोरी

**गन्नौर।** सनेपेड़ा रोड पर निमार्णाधीन पोलट्री फार्म से जनरेटर सैट चोरी हो गया। फार्म मालिक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में शाहपुर तगा गांव के विकास ने बताया कि वह सनपेड़ा रोड़ पर अपने खेत में पोल्ट्री फार्म का निर्माण करवा रहा है। 25 फरवरी को उसके खेत में रखा 7.5 किलोवाट का जरनेटर सैट चोरी हो गया। उसने लेबर से जरनेटर के बारे में पूछताछ की तो कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने विकास की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर ज
ांच शुरू कर दी है।

### खेत से बाइक चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार, बाइक बरामद

**गन्नौरः** थाना गन्नौर पुलिस ने गांव कैलाना में खेत से बाइक चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित विजय व अभिषेक गांव कानौदा जिला झज्जर के रहने वाले हैं। जानकारी देते हुए एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि 8 मार्च को कैलाना गांव के दीपक ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि 4 फरवरी को उसने अपनी बाइक को खेत मे बने कमरे के पास खड़ा किया था। जिसके बाद वह काम से दिल्ली चला गया। 7 मार्च को वापस आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले में संलिप्त उक्त दोनों आरोपितों को चोरी की गई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को अदालत में पेशकर आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

### सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) ने जरुरतमंद बच्चों को डाबर इम्यूनिटी किट वितरित कर मनाई महाशिवरात्रि



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** महाशिव रात्रि के पावन अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संग पिहोवा में महाशिवरात्रि मनाई गई। सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर इम्यूनिटी किट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा के वरिष्ठ प्राध्यापक गुरमीत काहलों की उपस्थिति में वितरित की। पवन मित्तल ने कहा की विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है । ये बच्चे भी दूसरे बच्चों की तरह हर ऐक्टिविटी में भाग लेते हैं। सभी कार्य करते है, बस इन्हें प्यार की जरूरत है। आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इन सभी बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई की। भोलेनाथ इन सभी बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे। वरिष्ठ प्राध्यापक गुरमीत काहलों व रोहित शर्मा ने पवन मित्तल व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के हर वर्ग को इस कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विशेष अध्यापक विजेंद्र धीमान, मैडम मीतू राज, अनुज राणा आदि उपस्थित रहे

# कांग्रेस बलिदान देने वाली पार्टी है: उमाशंकर पांडेय

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कादियान बोले, भाजपा झूठ और जुमलों के दम पर सत्ता हथियाने वाली सरकार

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कांग्रेस के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत शनिवार को पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों दिवाना, खलीला और बुड़शाम में लोकसभा प्रभारी उमाशंकर पांडेय के साथ घर-घर तूफानी दौरा किया। तीनों गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत कर कांग्रेस का साथ देने का आश्वासन दिया। गांव बुड़शाम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी उमाशंकर पांडेय ने कहा कि विकास का नाम कांग्रेस और विनाश का नाम भाजपा है। कांग्रेस बलिदान देने वाली पार्टी है, इसका प्रमाण है देश के बेमिसाल



प्रधानमंत्री रहे पं. जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का देश के नाम शहीद होना। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस सरकार आते ही अपने 15 संकल्पों को पूरी तरह लागू करेगी। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी की क्या बात करें, जो मोदी देश की भोली-भाली जनता का चौकीदार बनकर आया था, उसी ने देश को लूटने और बेचने का काम किया। यह एक पहली ऐसी सरकार है, जिसने मरने के बाद भी किसी को नहीं छोड़ा यानि कफन तक पर टैक्स लगा दिया। इस झूठी और गारंटी वाली सरकार को समझने की जरूरत है। उन्होंने अपील की कि सबने भाजपा का राज देख लिया। अब अपनी कांग्रेस सरकार को ही वापस लाने का काम करें, तभी आपकी सभी मुरादे पूरी हो सकेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि गांव के पिता तुल्य बुजुर्गों और मातृ शक्तियों झूठ और जुमलों के दम पर सत्ता हथियाने वाली भाजपा सरकार को अपने 10 साल बरत लिया। 10 साल से आप इस सरकार का बोझा ढोह रहे हैं। इस सरकार के राज में देश और प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। शिक्षा का स्तर नीचे गिरने के कारण हमारे देश और प्रदेश के बच्चे विदेश में पलायन करने को मजबूर हैं। मोदी कहते हैं, हमने 100 रुपये सिलेंडर में घटा दिए, लेकिन जनता यह नहीं समझती कि यह छोटी छूट मोदी की बड़ी लूट का इशारा है। इस समय देश पर 2 लाख 5 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है यानी देश में अब हर बच्चा कर्ज लेकर पैदा हो रहा है।

# देवेंद्र कादियान ने की क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** गांव गढ़ी बेसिक में कमेटी द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। वहीं आयोजन कमेटी ने उनको मोमेंटो देकर सम्मानित किया। देवेंद्र कादियान ने खिलाडि?ों को सम्मानित करते हुए अपनी पार्टी की बनवाई हुई क्रिकेट किट खिलाडि?ों को भेंट की साथ ही उन्होंने कहा की युवाओं को बढ़ चढकर खेलों में हिस्सा लेना चाहिए ताकि युवा वर्ग नशे से दूर रहे और

**निशाना बनाया**

8 ~~इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार इस बार~~

अपने स्वास्थ्य का और फिटनेस का तालमेल बना रहे। इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला प्रधान अमरीश खान, ईशाक नंबरदार, आसिफ जलालपुर, शरीफ कोच, मुस्तफा, शोएब व मंजीत अहलावत मौजूद रहे।

### 'भगवान तथा भक्त के जोड़ में लक्ष्मी, विजय तथा विभूति का वास है'

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, पवन जैन, नितिन, राशि जैन, निशा जैन, रीटा जैन, पुष्पा गोयल, कर्मवीर चौहान, रानी जैन, महेंद्र सिंह आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा।

# डीआईटीएम कालेज व एम्बिशन अकादमी ने ऑफर लेटर दिए

## जॉब मेले में माइक्रोटर्नर, बेरी उद्योग, कल्या[], ओसवाल कास्टिंग, एयरटेल, वोडाफोन आदि ने भाग लिया

**मिली नौकरी**

8 चिरस्मी रोड स्थित डीआईटीएम कालेज व एम्बिशन अकादमी पानीपत द्वारा सयुंक्त रूप से जॉब मेला लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः चिरस्मी** रोड स्थित डीआईटीएम कालेज व एम्बिशन अकादमी पानीपत द्वारा सयुंक्त रूप से जोब मेला लगाया गया। मेले में कालेज के डायरेक्टर नीरज व अकादमी की तरफ मोनी व संदीप ने कंपनी की तरफ से आए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर



स्वागत किया। जॉब मेले में माइक्रोटर्नर, बेरी उद्योग, कल्याणी, ओसवाल कास्टिंग, एयरटेल, वोडाफोन आदि ने भाग लिया। मेले में बतौर मुख्यातिथि भाजपा युवा जिलाध्यक्ष बलविंदर आर्य ने चयनित छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जॉब फेयर में 256 बच्चों को रोजगार मिला व सभी को ऑफर लेटर दिए। जॉब फेयर में कैथल, पानीपत, रोहतक, करनाल आदि जिलों के छात्रों ने रोजगार के लिए भाग लिया। डीआईटीएम कॉलेज के डायरेक्टर नीरज कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि हम बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ उनका अच्छी कंपनी में रोजगार के लिए सिलेक्शन भी कराते है और फ्यूचर में सभी जगह हर जिला में ऐसे जॉब फेयर कराते रहेंगे। डी आई टीम कॉलेज के चेयरमैन संजीव जैन ने सभी स्टाफ और बच्चो का हौसल्ला बढ़ाया। चेयरमैन संजीव जैन कहा कि डीआईटीएम कालेज की शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहचान है। जहां युवाओं को पढ़ाई के साथ रोजगार भी दिलाया जाता है। उन्होंने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 'भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने में अग्रणी भूमिका निभाएगा हरियाणा'

**चंडीगढ़ः** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हरियाणा की जनता को भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने की आदत हो गई है। लोगों का जोश और उत्साह बता रहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है और दस की दस लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर केंद्र में मोदी की बहुमत से सरकार बनाने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा में जिस तरह से विकास किया है उसी के दम पर केंद्र में मोदी और राज्य में मनोहर सरकार बननी तय है। श्री विजय वर्गी शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कुरुक्षेत्र, करनाल, अंबाला, सोनीपत लोकसभा कलस्टर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां श्री विजयवर्गीय ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकताओं की मेहनत के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सरकार के साथ मिलकर देश और प्रदेश को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम रहा है।

# अशान्त व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता : मृदुल कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**जीवन** में कितना भी धन ऐश्वयं की सम्पन्नता हो लेकिन यदि मन में शान्ति नहीं है तो वह व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह सकता। वहीं जिसके पास धन की कमी भले ही हों सुख सुविधाओं की कमी हो परन्तु उसका मन यदि शान्त है तो वह व्यक्ति वास्तव में परम सुखी है।यह हमेशा मानसिक असंतुलन से दूर रहेगा। कथा प्रसंग मे परम भक्त सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए परम श्रद्धेय आचार्य श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि



श्रीसुदामा जी के जीवन में धन की कमी थी, निर्धनता थी लेकिन वह स्वयं शान्त ही नहीं परमशान्त थे। इस लिये सुदामा जी हमेशा सुखी जीवन जी रहे थे। क्योंकि उनके पास ब्रह्म (प्रभुनाम) रूपी धन था। धन की तो उनके जीवन में न्यूनता थी परन्तु नाम धन की पूर्णता थी। हमेशा भाव से ओत प्रोत होकर प्रभु नाम में लीन रहते थे। उनके घर में वस्त्र आभूषण तो दूर अन्न का एक कण भी नहीं था। जिसे लेकर वो प्रभु श्री द्वारिका धीश के पास जा सकें। परन्तु सुदामा जी की धर्म पत्नी सुशीला के मन में इच्छा थी, मन में बहुत बड़ी भावना थी कि हमारे पति भगवान श्री द्वारिकाधीश जी के पास खाली हाथ न जायं। सुशीला जी चार घर गई और चार मुट्ठी चावल मांगकर लायी और वही चार मुट्ठी चावल को लेकर श्री सुदामा जी प्रभु श्री द्वारिका धीश जी के पास गये। और प्रभु ने उन चावलों का भोग बड़े ही भाव के साथ लगाया। उन भाव भक्ति चावलों का भोग लगाकर प्रभु ने यही कहा कि हमारा भक्त हमें भाव से पत्र पुष्प, फल अथवा जल ही अर्पण करता है, तो में उसे बड़े ही आदर के साथ स्वाकार करता हूँ। प्रभु ने चावल ग्रहण कर श्री सुदामा जी को अपार सम्पत्ति प्रदान कर दी। आर्चाय श्री ने इस पावन सुदामा प्रसंग पर सार तत्व बताते हुए समझाया कि व्यक्ति अपना मूल्य समझे और विश्वास करे कि हम संसार के सबसे महत्व पूर्ण व्यक्ति है। तो वह हमेशा कार्यशील बना रहेगा। क्योंकि समाज में सम्मान अमीरी से नहीं इमानदारी और सज्जनता से प्राप्त होता है। आज विशेष महोत्सव के रूप में फूल होली महोत्सव विशेष धूम धाम से मनाय, गया।

# 'मूंग का बीज लेने के लिए किसान वेबसाइट पर करवाएं पंजीकरण'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः**
**कृषि एवं** किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहनी फसलों, जल संरक्षण एवं ग्रीष्मकालीन मूंग का एरिया बढ़ाने के लिए किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर मूंग के बीज का वितरण किया जाना है। यह हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केन्द्रों के माध्यम से किसानों को बीज वितरित किया जाएगा।
उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश भर में एक लाख एकड़ क्षेत्र में बिजाई के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग का बीज किसानों को दिया जाएगा। इसके लिए केवल 25 प्रतिशत राशि ही किसान को बीज खरीदते समय पर जमा करवानी

**निर्देश**

8 हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केन्द्रों के माध्यम से किसानों को बीज वितरित किया जाएगा

होगी। ग्रीष्मकालीन मूंग का बीज प्राप्त करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की वैबसाईट / पर जाकर किसान को पंजीकरण करवाना होगा।
उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन बीज लेने के लिए पंजीकरण 10 मार्च से 15 अप्रैल 2024 तक जारी रहेगा। किसानों को बीज देने के बाद विभागीय कमेटी इनका भौतिक सत्यापन करेगी कि, क्या किसान ने बीज का उपयोग सही तरीके से किया है या नहीं। उन्होंने बताया कि स्कीम के अनुसार निरीक्षण के दौरान यदि किसान के खेत में मूंग के बीज की बिजाई नहीं हुई पाई गई तो उस किसान को 75 प्रतिशत अनुदान राशि विभाग में जमा करवानी पड़ेगी। उपायुक्त ने बताया कि मूंग दाल की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कई इलाकों में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती की जाती है। किसानों को मूंग की खेती से डबल फायदा मिलता है। एक तो बाजार में मूंग के ठीक-ठाक हाजिर भाव मिल जाते हैं। गेहूं की कटाई के बाद मूंग की बुवाई करना फायदेमंद रहता है।
यह खरीफ सीजन में धान की बुवाई से पहले पककर तैयार हो जाती है इससे वातावरण में नाइट्रोजन की स्थिरता बढ़ती और मिट्टी बांधने की क्षमता बेहतर होती है और भूजल स्तर भी बेहतर रहता है। मूंग से खेत की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है, जिसका फायदा अगली फसल की उत्पादकता पर होता है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग की एमएच 421 वैरायटी किसानों को उपलब्ध करवाई जाएगी। एमएच 421 किस्म 60 दिन में पकने वाली पीले पत्ते के प्रति अवरोधक, दाना आकर्षक, चमकीला हरा व मध्य आकार का होता है।

# टीम दीपेंद्र हुड्डा पूरे राई हलका में खेलों को बढ़ावा दे रही : आंतिल

टीम दीपेंद्र हुड्डा पूरे राई हलका में खेलों को बढ़ावा दे रही है : आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः गांव** सेवली में इनामी दंगल कराया गया। इसके मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट जसपाल आंतिल रहे। उन्होंने पहलवानों के हाथ मिलवाकर मुकाबले शुरू कराए। पहली कुश्ती 11 हजार रुपये की कराई गई। जिसमें गौरव सेवली व अमित दहिया कुश्ती अकादमी के पहलवान प्रवीन के बीच हुई। यह कुश्ती बराबरी पर छूटी। इसके बाद 7100 रुपये की दूसरी कुश्ती दीपक राठधना व आर्यन सेरसा के बीच हुई। यह कुश्ती



बराबरी पर छूटी। अंत में तीसरी कुश्ती अमित दहिया कुश्ती अकादमी के पहलवान मोनू व हनुमान अखाड़ा दिल्ली के पहलवान राहुल के बीच हुई। 2100 रुपये की यह कुश्ती भी बराबरी पर छूटी। दंगल में युवाओं के साथ अन्य लोगों को नशे से दूर रहने और हर किसी को जागरूक करने का आह्वान किया गया। जसपाल आंतिल ने कहा कि टीम दीपेंद्र हुड्डा पूरे राई

**बढ़ावा**

8 टीम दीपेंद्र हुड्डा खेलों को बढ़ावा दे रही है। खिलाड़ियों को टीम दीपेंद्र हुड्डा खेलों का सामान मुहैया करा रही

हलका में खेलों को बढ़ावा दे रही है। खिलाड़ियों को टीम दीपेंद्र हुड्डा खेलों का सामान मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि नशा प्रदेश के युवाओं की नस्ल को खराब कर रहा है। नशे के खिलाफ समाज को जागरूक होना पड़ेगा।

# 'भक्तों की सेवा से खुश होते है भोलेनाथ,करते हैं मनोकामना पूर्ण,लग जाती है नैया पार'

## समाज सेवा संगठन हर वर्ष भंडारा लगाता है, दिव्यांग को हाथ रिक्शा,जरूरतमंद बेटियो की शादी करवा कर रहा समाज में अनूठा कार्यः वीरेन्द्र शाह



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** समाज सेवा संगठन की ओर से महा शिवरात्रि के उपलक्ष पर समाज सेवा संगठन ने लगाया 31 वा विशाल भंडारा
भंडारे का शूभारंभ मुख्य अतिथि वीरेन्द्र बुल्ले शाह,वशिष्ठ अतिथि नीरज गोयल, गोपाल तायल, नरेश जैन, बलजीत सिंह, राजेश गोयल ने किया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र शाह ने कहा समाज सेवा संगठन हर वर्ष भंडारा लगाता है,दिव्यांग को हाथ रिक्शा जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना गर्म कपड़े वितरण करना जरूरतमंद का इलाज करवाना,जगह जगह वाटर लगाना बहुत ही सरहनीय कार्य कर रहा है। समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन ने 9 मार्च शनिवार को महा शिवरात्रि के उपलक्ष पर हर वर्ष

**भंडारा**

8 संगठन की ओर से महा शिवरात्रि के उपलक्ष पर समाज सेवा संगठन ने लगाया 31 वा विशाल भंडारा

भाती जी टी रोड़ की फुटपाथ पर 31 वा विशाल भंडारा लगाया। जैन ने यहां कहा कि भगवान भोलेनाथ थोड़ी सी भक्ति भाव से ही खुश हो जाते है, जो भक्त गोमुख गंगोत्री हरिद्वार से गंगा जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं, जिससे भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं और जो शिव भक्तों की सेवा करते हैं। जरूरतमंद की सेवा करते हैं, उनकी हर मनोकामना पूरी करते हैं,। भंडारे पर अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया गया। जैन ने कहा 10 मार्च,2024 रविवार को अग्रवाल मंडी कार्यालय पर दिव्यांग जनों को हाथ रिक्शा वितरण की जाएगी।
इस मौके पर प्रवीण जैन, विकाश जैन, अमित जैन, गंगा गुप्ता, कैलाश जैन, अंकित माटा, प्रमोद जैन, भोला मेहता, मनोज गांधी, जोगिंदर सिंह, विनोद ग्रोवर, रोहित जैन, मोहित जैन,ललित अशोक मखीजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव उमंग एवं पारितोषित वितरण समारोह में छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः फस्ट** फ्रेंड स्कूल का वार्षिकोत्सव उमंग व पारितोषित वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में नगरपालिका की पूर्व चेयरपर्सन नीरू अधलखा व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम की शुरूवात छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से की गई। इसके बाद रंग बिरंगी वेश भूषाओं के साथ छात्राओ ने पंजाबी गिद्दा व छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली।



छात्रों ने शिक्षाप्रद नाट्यरूपक व छोटी बच्ची की श्रीराम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षा व खेल के क्षेत्र में विभिन्न पद प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एंव मेडल से सम्मानित किया गया। अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवाई गई। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रबंधकों ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। स्कूल हेड खुशबू अधलखा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों को शिक्षा के साथ- साथ संस्कार भी दिए जाते है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन हर्ष अधलखा,सपना अधलखा, पूर्व चेयरपर्सन नीरू अधलखा, खुशबू जैन पार्षद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सीएमओ डॉ. राकेश चहल ने छावनी सिविल हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल का नव नियुक्त सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल ने निरक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को जांचा और वहां मौजूद कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। सीएमओ बनने के बाद उनका यह पहला निरिक्षण है।क्योंकि वह पहले अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में पीएमओ के पद पर तैनाात थे। यहां से पदोन्नती के बाद उन्हें अंबाला सीएमओ के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ राकेश सहल का कहना है कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। इसी दिशा में कार्य भी किए जा रहे है। निरिक्षण के दौरान अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। सैनेटरी इंस्पेक्टर जतिन सहित अनेक कर्मचारी यहां मौजूद थे। उन्होंने सबसे पहले ओपीडी की व्यवस्थाओं को देखा यहां उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रोगियों के बैठने के साथ-साथ प्रत्येक कमरे के बाहर उनकी जानकारी के लिए भी उपयुक्त कदम उठाएं। इसके बाद वह एमरजैंसी में भी गए । उन्होंने वहां सफाई व्यवस्था को देखा। इस दौरान जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने माइनर रोटी को भी देखा। अस्पताल व अस्पलाल परिसर में सफाई व्यवस्था को भी देखा।इसके साथ ही सीएमों ने वहां प्रयोग किये जा रहे उपकरनों को भी जांचा उन्होंने वहां मौजूद स्टाफ के साथ-साथ रोगियों से भी बात चीत की । इस दौरान वहां मौजूद कर्मचारी भीअपने बीच सीएमों को देख काफी खुश नजर आए।उन्होंने यहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया।

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा फिटनेस रन प्रतियोगिता आयोजित



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नेहरू युवा केंद्र के जिला-अध्यक्ष अर्शदीप कौर के निर्देश अनुसार कोमल और इशिता द्वारा एस.ऐ.जैन कॉलेज मे नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता करवाई गयी। जिसमें कॉलेज की लड़कियों ने अपना प्रोत्साहन दिखाया और 200 मीटर दौड़ में 20 लड़कियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान- अम्बिका, द्वितीय स्थान-स्माइल, तीसरा स्थान -मेहक ने प्राप्त किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ आभा बंसल के निरीक्षण में अध्यापक डॉ सुरेन्द्र तंवर(स्पोर्ट्स इंचार्ज),कपिल कुमार, दीपा देवी, डॉ विजय कुमार, डॉ बलवान सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ गुरमीत सिंह उपस्थित रहे हैं। विजेता लड़कियों को टी- शर्ट और केप दे कर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम के अंत में भाग लेने वाले सभी को जल पान करवाया गया।

# सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपरगामी पुल के दो कटों का खोलने का किया शुभारंभ

### सड़क व रेल मार्ग पर बेहतरीन कार्य होने से सफर हुआ सुगमः संजय भाटिया

**विकास कार्य**

**8 कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया की भी खुले मन से प्रशंसा की**



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने शहरी विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से पानीपत दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर गामी पुल पर दो कटों को नारियल फोड़ कर खोलने का रविवार को शुभारंभ किया। लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि इन दोनों एक्जिट को खुलवाने में बड़ी मेहनत करनी पड़ी है। उन्होंने इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया की भी खुले मन से प्रशंसा की। आने वाले दो महीनों में उन्होंने कहा कि ऊपर गामी पुल के बरसत रोड़ के पास वाले दो अन्य कटों को भी खाला जायेगा।

लोकसभा सांसद ने कहा कि दिल्ली की तरफ जाने वाले ऊपर गामी पुल के साथ सटे पट्रोल पम्प वाले कट व खादी आश्रम वाले कट के खुलने से शहर के लोगों को राहत मिलेगी। जाम कम लगेगा। उन्होंने बताया कि जाम की स्थिति में तभी और सुधार होगा जब आटो व निजी साधनों वाले अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे व यातायात के नियमों का पालन करेंगे।

लोकसभा सांसद ने कहा कि औद्योगिक नगरी को जाम से मुक्त करने को लेकर पानीपत में सिवाह में नये बस स्टैंड का निर्माण किया गया। बाईपास का निर्माण किया गया। सिटी बसों का संचालन किया गया। इन सब के पीछे शहर के लोगों को जाम से निजात दिलाना ही मुख्य उद्देश्य रहा है। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री व सडक मार्ग मंत्री ने रेल मार्ग व सडकों का निर्माण करवा कर यात्रा को सुगम करने का कार्य किया है।

शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल की औद्योगिक नगरी पर विशेष कृपा रही है। शहर के विकास को गति प्रदान करने में उनकी अहम योगदान रहा है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में कई फ्लाईओवर बने हैं व कई पर कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया ने बताया कि वे हमेशा पानीपत की यातायात संबंधित समस्या को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन व चिंतन करते रहे है। यातायात को और सुगम बनाने को लेकर कई बिंदुओं पर कार्य किया जाना है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया की वे इस कार्य में सहयोग करें व ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

उपायुक्त ने बताया कि बरसत रोड़ के पास से भी दो कटों को खोलने को लेकर एक्सरसाइज की जा रही है जल्दी ही शहर के लोगों को व आम जन का इसका लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि शहर को जाम मुक्त करने को लेकर और भी प्रयास किये जायेंगे। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह,पुलिस उप अधीक्षक सुरेश सैनी, ट्रैफिक इंचार्ज रणवीर मान के अलावा एनएच के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिलाएं छोटे-छोटे समूह बनाकर समाज के लिए काम करें: विज



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सब महिलाओं को संकल्प लेना चाहिए कि छोटे-छोटे समूह बनाकर समाज के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही महिलाओं को सिलेंडर पर 100 रूपए छूट देकर बहुत ही बड़ा तोहफा दिया है।

**समस्याओं को हल करने में हिस्सेदारी रखने के लिए हमें तैयार भी रहना होगा- विज**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहते हैं कि महिलाएं राजनीति में भी आगे आएं तथा इसके लिए महिला आरक्षण बिल भी पास किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने आपको इसके लिए तैयार करना होगा। महिलाएं गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में निकलें और छोटे-छोटे ग्रुप बनाएं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सफाई इत्यादि की समस्याओं को हल करने में हिस्सेदारी रखने के लिए हमें तैयार भी रहना होगा।

**प्रधानमंत्री ने बहुसंख्यक समाज की दबी भावनाओं के दबाव को हटाया-** विज कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जो बहुसंख्यक समाज की

**अपील**

**8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही महिलाओं को सिलेंडर पर 100 रूपए छूट देकर बहुत ही बड़ा तोहफा दिया है।**

भावनाएं काफी देर से और अन्य कारणों से दबा रखी थी, मोदी जी ने वो दबाव हटा दिया है, प्रधानमंत्री ने श्रीराम मंदिर बनवा दिया है और जो लोग कहते थे कि मंदिर बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे लेकिन अब मंदिर भी बन गया और तारीख भी बता दी। उन्होंने बताया कि श्रीराम जी के मंदिर में लाखों लोग वहां पर जा रहे है और ऐसे ही जो अन्य धार्मिक स्थान हैं, जैसे उज्जैन और काशी इत्यादि है, के लिए वे काम कर रहे है।

# वार्षिक उत्सव में बच्चे अपनी प्रतिभा निखारने का काम करते है: संदीप गर्ग

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन :** गांव मंगोली जट्टान के सर छोटू राम स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर उत्सव का शुभारंभ किया। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि बच्चे पूरे साल स्कूल में पढ़ाई करकर मेहनत करते है और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करते है, परीक्षाओं के दौरान वार्षिक उत्सव का आयोजन किये जाते है। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव में बच्चे सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा को निकारने का काम करते है, बच्चों के कार्यक्रमों में भाग लेने से अभिभावक भी खुश होते है। वहीं स्कूल की प्राचार्या सुदर्शन कौर ने बताया कि हर साल स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है। उत्सव में बच्चे धूम मचाते है। वहीं स्कूल स्टाफ की ओर से भाजपा नेता संदीप गर्ग को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**जागरूकता**

**8 आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः दिनांक 9 मार्च 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर जिला सोनीपत के गांव सांदल कंला में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री पूजा कुमारी नगराधीश सोनीपत मुख्य वक्ता श्री सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया` सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री पूजा जी नगराधीश सोनीपत ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता श्री सूयार्कान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं।

# शिवरात्रि पर बाबा दामोदर दास कुटिया पर किया विशाल भंडारा



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** गांव कैंथला खुर्द व कैंथला कलां में बाबा दामोदर दास की कटिया पर गांव की तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों के अतिरिक्त आसपास के गांव की जनता जनार्दन ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाबा दामोदर दास कुटिया की कमेटी के प्रधान बलदेव सिंह व अन्य सदस्यों ने भंडारे में बढ़-चढ़कर सेवा की। भंडारे में उपस्थित जन जन समूह ने को संबोधित करते हुए गांव के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा की गांव की सुख समृद्धि के लिए गांव कैंथला खुर्द एवं कैंथला कंला के निवासी हर वर्ष बाबा दामोदर दास कुटिया पर विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं जिसमें गांव के सभी लोगों का सहयोग रहता है। उन्होंने कहा की सभी सामर्थ्य अनुसार भंडारे में वित्तीय सहयोग भी देते हैं । सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि बाबा दामोदर दास की गांव पर बहुत कृपा बनी रहती है । बाबा दामोदर दास कुटिया के प्रति ग्रामवासियों के मन में बहुत श्रद्धा है । आज भंडारे से पहले हवन यज्ञ किया गया जिसमें सभी गणमान्य लोगों ने आहुति डालकर अपने आप को धन्य महसूस किया। भंडारे के समय बाबा दामोदर दास की कुटिया पर कई वी आईं पी लोग भी मथा टेकने के लिए आए।

**सेवा की**

**8 बाबा दामोदर दास कुटिया की कमेटी के प्रधान बलदेव सिंह व अन्य सदस्यों ने भंडारे में बढ़-चढ़कर सेवा की**

भंडारे के समापन पर कमेटी के प्रधान बलदेव सिंह, खजांची होशियार सिंह, सदस्य कुलदीप सिंह व सोहनलाल, सेवा सिंह, गुरदेव सिंह फौजी ने भंडारे में आगंतुक जनता का आभार जताया।

# पशुपति सेवा संस्था चंडीगढ़ ने शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** सेवा सुरक्षा सहयोग समिति ( रजि.) नेपाली संस्था की टीम चंडीगढ़ पशुपति सेवा संस्था द्वारा शिवरात्रि के पर्व पर शिव भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें पशुपति सेवा संस्था के कोषाध्यक्ष राम खनाल ने अम्बाला से पहुंची सेवा सुरक्षा सहयोग समिति के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। अम्बाला शहर नेपाली संस्था के अध्यक्ष गणेश पटेल ने अपनी पूर्ण संस्था के सभी प्रमुख सदस्यों सहित भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन किए । संस्था प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी ने कहा कि श्री पशुपतिनाथ मंदिर का कार्य जल्द पूर्ण होगा पशुपति सेवा संस्था के सभी सदस्य जोकि समाजसेवा में सबसे आगे हैं। इस नेक कार्य की मैं सराहना करती हूं। इस शुभ अवसर पर संस्था महासचिव रीटा पटेल, प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी,अध्यक्ष गणेश पटेल, पंजाब महिला संपर्क प्रमुख सोनू के सी, उपाध्यक्ष कृष्ण लाल व कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा ने चंडीगढ़ पशुपति सेवा संस्था के अध्यक्ष सहित पुरी टीम का किया धन्यवाद।

### भगवान तिरुपति की सवारी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार :** भगवान तिरुपति बालाजी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए श्रद्धालु अपने इष्ट के प्रति समर्पित रहते हैं। इसलिए श्री तिरुपति बालाजी धाम में आयोजित भगवान तिरुपति की सवारी को श्रद्धालुओं ने रस्सों से खींचकर अपनी आस्था जताई। भव्य सवारी में भगवान श्री तिरुपति जी, माता लक्ष्मी व माता भूदेवी विराजमान हुए और जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय गोविंदा के जयघोष के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

इस सवारी शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# जगबीर आर्य बने भाजपा किसान मोर्चा जिला प्रभारी

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पानीपत जिला प्रभारी वरिष्ट भाजपा नेता जगबीर आर्य को बनाया गया है। जिसको लेकर भाजपा के सनौली, कुराड सहित जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। जगबीर आर्य ने पानीपत जिले का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व सीएम मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी, सांसद संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मंडी, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट सहित पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पानीपत जिला में किसानों को आने वाली



समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जाएगा। आर्य ने कहा कि भाजपा द्वारा चलाई गई किसान हितैषी नीतियों को किसानों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। और हर व्यक्ति को मोदी की गारंटी से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का बुक्का देकर आभार जताया। आर्य ने आशा व्यक्त की की सभी दायित्व प्राप्त कारकर्ता अपना दायित्व पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा से निभायेगे उन्होंने सभी को बधाई तथा शुभ कामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जिम्मेवारी**

**8 सभी दायित्व प्राप्त कारकर्ता अपना दायित्व पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा से निभायेगे उन्होंने सभी को बधाई दी**

# विरोध: किसान आज 8 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक पर देंगे धरना



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** किसान आंदोलन-२ का आज १० मार्च को २७वां दिन है। हरियाणा-पंजाब के हजारों किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। किसानों ने आज दोपहर १२ से ४ बजे तक पूरे देश में ट्रेन रोकने का ऐलान किया हुआ है, जिसमें महिला किसान भी हिस्सा लेंगी।

उधर, संयुक्त किसान मोर्चा ने १४ मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत रखी है। इसे किसान-मजदूर महापंचायत नाम दिया है।वहीं, हरियाणा पुलिस ने किसानों के रेल रोको आंदोलन में हिस्सा न लेने की अपील की है। कहा कि अंबाला प्रशासन द्वारा पहले से ही धारा १४४ लगाई गई है। अगर, कोई इसमें भाग लेता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने रेल रोको आंदोलन में हिस्सा लेने की अपील की है। कहा कि रेलवे स्टेशन और फाटक पर ही रेल रोकनी है, क्योंकि अगर बीच ट्रैक पर बैठेंगे तो नुकसान हो सकता है। यह सांकेतिक आंदोलन रहेगा। किसान दोपहर १२ से शाम ४ बजे तक ट्रेन रोकें। पंधेर ने मोदी सरकार कह रही है कि यह आंदोलन पंजाब का है,कल पता लग जाना चाहिए कि यह आंदोलन किस का है। माता-बहनों ने भी रेल रोको आंदोलन में हिस्सा लेने की बात कही है।

पंधेर ने कहा कि अभी तक लखीमपुर खीरी मामले में इंसाफ नहीं मिला तो शुभकरण हत्या मामले में कैसे मिल सकता है। अगर शुभकरण को न्याय नहीं मिला तो बड़ा आंदोलन करेंगे। पंधेर ने खनौरी बॉर्डर पर तैनात ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस मुलाजिमों को नामजद करते हुए गिरफ्तार करके जेल में डाले। सरकार ने किसानों के हाथ लहू से रंगे हैं।

पंधेर ने पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़,अश्विनी शर्मा, फतेचंद सिंह बाजवा, भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह को कहा कि अगर जमीर जागती है तो इस्तीफा देकर बाहर आ जाओ। अगर किसी तरह का फर्क नहीं पड़ता, आपके के लिए विधायक/सांसद की सीट मायने रखती हैं तो इसका लोग अपने आप फैसला कर लेंगे। मनजिंदर सिंह सिरसा कहते थे कि किसानों के साथ हैं, लेकिन अब बता दें कि किसके साथ हैं। किसानों को सीधी गोलियां मारने वालों के साथ हैं ? जिन्होंने ५०० किसान-मजदूर को जख्मी किया उनके साथ हो ? जिन्होंने हरियाणा में ७० हजार अर्धसैनिक बल तैनात किया उनके साथ हो। पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हरियाणा-पंजाब की महिलाएं हमेशा से लड़ती आई हैं। पिछले आंदोलन में कई महिलाओं को चोटें भी लगीं, लेकिन महिलाएं पीछे नहीं हटी।

**प्रदर्शन**

**8 पंधेर ने तैनात ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस मुलाजिमों को नामजद करते हुए गिरफ्तार करके जेल में डाले**

# सुरजेवाला ने कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की बुलाई मीटिंग:

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में सभी कार्यकर्ताओं की विशेष मीटिंग का अयोजन किसान भवन कैथल में किया गया । इस मीटिंग में लोकसभा कुरुक्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता विशेष आमंत्रित रहे। मीटिंग में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने हल्का शाहाबाद की तरफ से डॉक्टर सुशील गुप्ता और चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला का स्वागत किया । इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर



सुशील गुप्ता को विश्वास दिलाया की आप हल्का शाहाबाद से अधिक से अधिक मतों से जीत हासिल करेंगे ।

# उपायुक्त व महिला एवं बाल विकास अधिकारी को किया सम्मानित

## महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग की और से कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बलजीत कौर को लिंगानुपात में सुधार को लेकर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की और से सम्मानित किया गया। पंचकूला में महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग की और से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लिंगानुपात को लेकर आए सुधार में कुरुक्षेत्र जिला तृतीय स्थान पर रहा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की और से जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र को दो लाख की राशि का चेक और जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार मौजूद रहे। इस राशि को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों के उत्थान में प्रयोग किया जाएगा।

**सम्मान**

**8 बलजीत कौर को लिंगानुपात में सुधार को लेकर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की और से सम्मानित किया गया**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बलजीत कौर ने बताया लिंगानुपात में सुधार को लेकर महिला एवं बाल विकास उपायुक्त के कुशल मार्गदर्शन में निगरानी कर रहा है जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की और से मुख्य भूमिका निभाई जा रही है। सभी गर्भवती महिलाओं, नवविवाहिताओं, नवजात शिशुओं को लेकर विभाग गंभीरता से कार्य कर रहा है। जिन परिवारों में केवल बेटियां है, उनकी एक डायरेक्टरी बनायीं गई है। जिला करुक्षेत्र में कम लिंगानुपात वाले गांवों पर लगातार निगरानी और उसमें सुधार को लेकर सरपंचों और संबंधित स्टेकहोल्डर से समन्वय बना कर इसमें सुधार लाया जा रहा है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इनका विशेष आंकड़ा बनाया गया है। पीसीपीएनडीटी अधिनियम को सख्ती से लागू किया जा रहा है। लिंगानुपात में सुधार को लेकर जागरूकता शिविर, स्टेकहोल्डर्स की बैठकें और विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। सार्थक परिणाम से सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं में आज नई ऊर्जा आई भविष्य और बेहतर परिणाम आएंगे जनसामान्य से अपील है की लिंगानुपात में सुधार आने से समाज में बेटी को उनका अधिकार मिलेगा तभी नारी सशक्त होगी और महिला दिवस के मायने सम्पन्न होंगे।

# भगवान शिव-खाटू श्याम को नमन किया





**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने शहर में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान शिव तथा खाटू श्याम को नमन किया। विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद आयोजकों को बधाई दी और भगवान के चरणों में सभी के कल्याण की कामना।

भारत पूरी स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में वार्षिकोत्सव के अवसर पर ध्वज यात्रा निकाली गई तथा बाबा का कीर्तन आयोजित किया गया। कविता जैन ने शास्त्री कॉलोनी में आयोजित भंडारे में कहा कि सच्चे मन से भगवान के दरबार में जाने से मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि हारे के सहारे खाटूश्याम भगवान के प्रति तन मन धन समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं।

राजीव जैन ने देवडू रोड पर शिव शक्ति समिति द्वारा आयोजित जागरण, शिव मंदिर तारा नगर में आयोजित भागवत, सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित भंडारे में तथा सरदारों वाली गली में आयोजित खाटूश्याम के जागरण में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया तथा अपील की कि मानव जीवन को सार्थक करने के लिए हर इंसान को समाज एवं धर्म की सेवा में समय लगना चाहिए।

**न्यूज फ्लैश**

## भगवान श्री विश्वकर्मा पांचाल एजुकेशनल सेवा समिति की मासिक बैठक हुई आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :भगवान श्री विश्वकर्मा पांचाल एजुकेशनल सेवा समिति की मासिक बैठक समिति कार्यालय में एडवोकेट कर्मबीर पांचाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में समाज मे शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयासों पर चर्चा की गई।कर्मबीर पांचाल ने बताया कि समिति समाज मे अभावग्रस्त बच्चों व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए पुस्तकालय में बहुत अच्छे ढंग से व्यवस्था कर रही है। ।समिति के सदस्य एडवोकेट सुभाष पटवा ने सुझाव दिया कि कैरियर गाइडेंस के लिए काउन्सलर का प्रबंध किया जो रुचि अनुसार बच्चों को विषय लेने में तैयार कर सके।जिससे बच्चों को भविष्य के लिए उसी फील्ड में अपना कैरियर बना सके।धर्मबीर पांचाल ने बताया कि समिति के लिए अलग जमीन खरीदी जाए,जहां छात्रावास व शैक्षणिक संस्थान बनाया जा सके।वेदरत्न आर्य और अमरजीत पांचाल ने एकेडमी में पढ़कर विभिन्न विभागों में सेलेक्ट हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर समिति के सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मौसेरे भाई की बेटी के जन्मदिन पार्टी में गए युवक की गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र जन्मदिन की पार्टी पर गए युवक की गाड़ी व अन्य गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित कार चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

गली नंबर-6 मयूर विहार निवासी साहिल ने बताया कि वह सरकारी पेपर की तैयारी कर रहा है। गत 7 मार्च को देर शाम आठ मजे अपनी मौसी के बेटी की लड़की की जन्मदिन पार्टी ब्रर्थडे कोक कैफे में आयोजित की थी। वह सह परिवार पार्टी में शामिल होने के लिए गया था। गाड़ी को कैफे की पार्किंग में खड़ी करके अंदर चले गए। उनकी गाड़ी के पास में दूसरी गाड़ी भी खड़ी थी। सिक्योरियटी गार्ड ने सूचना दी कि उनकी गाड़ी को व दूसरी गाड़ी को एक फार्चून्यर गाड़ी चालक ने दोनों गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गाड़ी चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## #सेलिब्रेटिंगहरलेगेसी के रूप में कैप्सन्स ने मनाया महिला दिवस

**रोहतक:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कैप्सन्स को "#सेलिब्रेटिंगहरलेगेसी" की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है, जो कि 08 मार्च, 2024 को सम्पूर्ण उत्तर भारत में फैले कैप्सन्स के 20 स्टोर्स पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कैप्सन्स रोहतक में आयोजित कार्यक्रम को महिलाओं की



उपलब्धियों एवं सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में विविध पृष्ठभूमि से संबंधित शहरों की कई प्रतिष्ठित हस्तियां; सुनीता मोर, प्रिंसिपल; शीतल हुडा, मेकअप आर्टिस्ट; डॉ. प्रीति नंदल, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ; रीमा अरोड़ा, इन्फ्लुएंसर- न्यूट्रिशनिस्ट एवं योगा इंस्ट्रक्टर; कृतिका अरोड़ा,इन्फ्लुएंसर, जैसे कुछ नाम शामिल थे। समारोह की शुरूआत बेहद गर्मजोशी के साथ हुई जिसमे तमाम विशिष्ट अतिथियों का स्वागत हमारे स्टोर मैनेजर्स द्वारा फूलों के गुलदस्ते भेंट कर किया गया। गर्मजोशी से स्वागत के बाद, हमारे डेडिकेटेड स्टोर कर्मचारियों द्वारा मेहमानों का परिचय कराया गया और उनकी उपलब्धियों तथा प्रेरक यात्राओं पर प्रकाश डाला गया, जो कि उनके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बंधित थे, इसके अलावा उन्होंने अपने लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का भी प्रदर्शन किया। समारोह आनंदमय केक-काटने की रस्म के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जो कि एकता, एकजुटता और दुनिया भर में महिलाओं द्वारा हासिल की गई मीठी जीत का प्रतीक है। समारोह के इस मौके पर, हमारी महिला स्टाफ सदस्यों ने हमारे सभी सम्मानित अतिथियों को उदारतापूर्वक गिफ्ट हैंपर्स वितरित किए। इसके बाद, उन्हें बैज ऑफ ऑनर के साथ उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा गया। यह टोकन ऑफ एप्रीशिएशन महिलाओं को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए एक ट्रिब्यूट के रुप में कार्य करता हैं।

# जागरूकता कार्यक्रम में छात्र ने पुलिस पर उठाएं सवाल

## सोशल साइट पर छात्र का वीडियों वायरल, वीडियो में चौकी के सामने नशीला पदार्थ मिलने की बात कही

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः हरियाणा नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की तरफ से नशा के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान एक छात्र के पुलिस पर ही सवाल उठा दिए। छात्र के वायरल वीडियो में वह एनसीबी डीएसपी से सीधे सवाल करता दिख रहा है कि यहां से थोड़ी दूरी पर पुलिस चौकी है और उसके सामने ही गांजा मिलता है। क्या यह पुलिस की नाकामी नहीं है।

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में आईआईटी कैंपस में दो दिन पहले एनसीबी की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें अशोका यूनिवर्सिटी, एसआरएम यूनिवर्सिटी व डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भी बुलाया गया था। जिन्हें नशे के खिलाफ जागरूक रहने के लिए एनसीबी के डीएसपी सतीश कुमार प्रेरित कर रहे थे। सतीश कुमार नशेड़ियों व नशे के सौदागरों के बारे में विद्यार्थियों को आगाह कर रहे थे कि कहीं भी नशा बेचने की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस पर एक विद्यार्थी खड़ा हुआ और उसने एक के बाद एक कई सवाल पूछने शुरू कर दिए।

**पूछा सवाल**

**8 यहां से थोड़ी दूरी पर पुलिस चौकी है और उसके सामने ही गांजा मिलता है। क्या यह पुलिस की नाकामी नहीं**

जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसमें विद्यार्थी कह रहा है कि कार्यक्रम में हम 4 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी आए हैं। यूनिवर्सिटी नशे का सबसे बड़ा एपी सेंटर है।

आज के समय में गांजा मिलना या फिर अन्य नशे का सामान मिलना टॉफी, लॉलीपॉप लेने जितना आसान है। फर्स्ट ईयर या सेकंड ईयर का एक छात्र गांजा डीलर को ट्रेस कर लेता है तो पुलिस क्यों नहीं कर पाती।

**विद्यार्थी बोला क्या पुलिस पीछे छुपाती है:** विद्यार्थी फिर कहते दिखा रहा है कि जब एक विद्यार्थी आसानी से नशा तस्कर को ट्रैक या ट्रेस कर लेता है तो क्या ऐसा नहीं लगता कि पुलिस पीछे छुपती है। उसने कहा कि आईआईटी कैंपस से थोड़ी दूरी पर पुलिस चौकी है और उसके सामने ही गांजा या नशे का दूसरा सामान मिलता है, तो क्या यह पुलिस की बड़ी नाकामी नहीं है।

# निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन के लिए 14 मार्च तक करें आवेदन - उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की अंतिम तिथि 14 मार्च की है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 मार्च 2024 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निःशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए नागरिकों को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माईआधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। माईआधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते का आह्वान किया है और साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

# गोदाम से स्क्रैप चोरी करने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर** थाना सोनीपत पुलिस ने गोदाम से स्क्रैप चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप, रितेश, जितेंद्र निवासी पटेल नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। शास्त्री कॉलोनी निवासी राहुल ने गत 15 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पिता ने नवीन स्कूल के पास मोहन नगर सोनीपत में स्क्रैप का गोदाम बना रखा है। गोदाम के अन्दर स्क्रैप रखा हुआ था। जो हमारा कई दिन से बंद था। जब हमने अपने गोदाम पर जाकर देख तो हमारे गोदाम का गेट टूटा हुआ था और हमारे गोदाम के अन्दर से तांबा, पीतल, स्टील मोटर आदि सामान चोरी हुआ मिला जो कुल माल 400-500 किलो था। सामान की कीमत करीब 2 लाख रुपये थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सलेंद्र की टीम ने वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस आयुक्त ने मोहाना व सिविल लाइन थाने का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिला** आयुक्त बी सतीश बालन ने मोहाना व सिविल लाइन थाने में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मोहाना थाने में सबसे पहले जनसुनवाई सहायता केंद्र, मित्र कक्ष व महिला सहायता डेस्क का निरीक्षण किया गया। उसके बाद पुलिस आयुक्त ने थाना में थाना परिसर स्थित मुंशी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर रिकॉर्ड को जांचा परखा। निरीक्षण के दौरान मालखाना, शस्त्र असला रूम के रखरखाव तथा रिकॉर्ड रजिस्टर की चैकिंग की गई। उसके बाद सिविल लाइन सोनीपत में भी मित्र कक्ष व महिला सहायता डेस्क का निरीक्षण किया। उसके बाद मुंशी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर रिकॉर्ड को जांचा। फिर मालखाना, शस्त्र असला रूम के रखरखाव तथा रिकॉर्ड रजिस्टर की चेकिंग की गई।

जिला आयुक्त ने थाने में कर्मचारियों के लिए अच्छे खाने पर विशेष ध्यान देते हुए थाना की मेस व्यवस्था का जायजा लिया व भोजनालय में भी साफ और स्वच्छ तरीके से उच्च गुणवत्ता के साथ भोजन बनाने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने थाना मोहाना व थाना सिविल लाइन सोनीपत के कमरों व बैरिक में साफ सफाई को लेकर संतुष्टि जाहिर की। थाना में खड़े वाहनों तथा सरकारी सम्पति के रखरखाव पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद पुलिस आयुक्त सोनीपत ने संबंधित थाना में ही थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ईमानदारी व लगन से कर्तव्य निर्वाह करने व अपने इलाका में आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को टीम के तौर पर अच्छी नियत के साथ ईमानदारी से कार्य करें।

# 50 से अधिक महिलाओं को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** "शक्ति सूपर शी" के तहत युवा कांग्रेस ने करीबन 50 से अधिक महिलाओं को सर्टिफि केट देकर किया सम्मानित

जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा युवा कांग्रेस की प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव अरुणा महाजन व हरियाणा के प्रदेश सचिव भाई सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ व ज़िला पार्षद सदस्य पिंकी हिंगाखेड़ी व कुरुक्षेत्र ज़िला प्रवक्ता चंद्र प्रताप सिंह राठौड़ व अन्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मोजूद रहे । युवा कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश सचिव सूर्य प्रताप राठौर ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा की हरियाणा में महिलाओं पर बहुत अत्याचार हो रहा है।

# खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, सिलेंडर फटने के धमाके से गिरी दीवार

## दीवार के नीचे दबने से एक की मौत, तीन घायल, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई किया रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र के जाटी सड़क मार्ग स्थित मकान में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। उसके बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट का धमाका इतना तेज था कि कमरे की दीवार गिर गई। वहीं अन्य कमरों की दीवारों में दरार आ गई। हादसे में दीवार के नीचे दबने से व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने नागरिक अस्पताल सोनीपत में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दरभंगा बिहार निवासी रोहित अपने पत्नी सुमन के साथ जाटी रोड स्थित मकान के कमरे में रहता है। उसके बरामद के कमरे में गुलाब (46) व अरमान कमरे में एक साथ रहते थे। कॉलोनी में उनके पड़ोस में बने कमरे में मूलरूप से बिहार के दरभंगा के गांव लोआम निवासी गुलाब अपने गांव के ही इमरान के साथ रहते थे। सुमन शुक्रवार सुबह अपने कमरे में छोटे गैस सिलिंडर पर खाना बना रही थी। रोहित भी कमरे में मौजूद था। इसी दौरान अचानक गैस सिलिंडर में आग लग गई। इससे पहले की वह कुछ समझ पाते ब्लास्ट के साथ सिलिंडर फट गया। जिससे दंपती बुरी तरह से झुलस गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि उनके कमरे की दो दीवार गिर गई। जिससे पड़ोस के कमरे में रह रहे गुलाब की दीवार के नीचे दबने व पैर के पास झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई और इमरान भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सुमन, रोहित व इमरान को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो किया गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** की एवीटी स्टाफ सोनीपत पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर व प्रविंद्र निवासी गांव कानौंदा झज्जर के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर दीवान फार्म के पास मौजूद थी। उसी दौरान उन्होंने दो युवकों के चोरी की मोटरसाइकिल सहित आने की सूचना मिली। टीम ने नाकाबंदी करके वाहनों की चेकिंग करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद दोनों युवक बाइक सहित पहुंचे। उन्हें रोककर बाइकों के कागजात दिखने के लिए कहा, लेकिन उनके पास कागजात नहीं मिले। जांच करने पर पता चला कि बाइक को कंझावला दिल्ली से चोरी होना पाया गया।

**शिकंजा**

**8 पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया**

# 'युवा मतदान प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नेहरू** युवा केंद्र सोनीपत के द्वारा जिला उपायुक्त डॉ मनोज कुमार निदेर्शानुसार जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन हिंदू कन्या महाविद्यालय, सोनीपत के प्रांगण में किया गया । जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के महत्व और चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया गया साथ ही उपस्थित युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम के



विशिष्ट अतिथि रहे सोनीपत के नगराधीश पूजा कुमारी द्वारा उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता की कुंजी केवल संघर्ष है अतः युवाओं को संघर्ष के पथ पर चलकर जीवन को सफल बनाना चाहिए उप प्रधानाचार्य डॉ बिपाशा जी के द्वारा नारी शक्ति अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया कार्यक्रम के दूसरे वक्त डॉक्टर अनीता गोयल द्वारा वोकल फॉर लोकल विषय पर युवाओं को जागरूक किया गया। हिंदू कन्या महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रचना गुप्ता द्वारा उपस्थित युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में बतलाया गया कार्यक्रम

# चोरी के दो-पहिया वाहन सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत**

**मुरथल** थाना पुलिस ने चोरी के दो-पहिया वाहन सहित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मदन निवासी बख्तावरपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव गढ़ी असदपुर निवासी हरेंद्र ने गत 22 दिसंबर 2023 को शिकायत देकर बताया था कि वह अपने भाई राहुल की बाइक लेकर पहलवान ढाबे पर चाय पीने के लिए आया था। बाइक को ढाबे के बाहर खड़ी कर-के अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर निकला। उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# आर्मी के जवान को बुरी तरह से पीट-पीट कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

बठिंडा एक्सप्रेस गाड़ी में सीट को लेकर हुए झगडे में कुछ सवारियों ने आर्मी के एक जवान को बुरी तरह से पीट पीट कर घायल कर दिया। डायल 112 पुलिस ने समालखा रेलवे स्टेशन पर फौजी व मारपीट करने वालों को पकड़ कर राजकीय रेलवे पुलिस चौकी के हवाले किया। घायल फौजी का नाम मोहनलाल है जो खंड के गांव देहरा का निवासी बताया गया है। समालखा रेलवे पुलिस चौकी में पहुंचे घायल आर्मी जवान मोहन लाल ने बताया कि वह गांव देहरा का निवासी है। शनिवार को वह सोनीपत से समालखा आने के लिए बठिंडा एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में सवार हुआ। डिब्बे में भीड़ की वजह से उसने सीट पर बैठे हुए यात्रियों से बैठाने की गुहार की तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौच ओर मारपीट करनी शुरू कर दी। उसने बताया कि करीब 5-6 लोगों ने उसके साथ गन्नौर तक मारपीट की। यहां तक कि मेरा मोबाइल फोन भी तोड दिया। उधर मथुरा में शादी समारोह में शिरकत कर वापस पटियाला पंजाब जा रहे नरविंदर ने बताया कि अपने आपको फौजी बताने वाले इस सख्श ने सीट पर बैठी लड़की से बदतमीजी कर जबरन बैठने की कोशिश की तो कहासुनी हुई। लेकिन समालखा रेलवे स्टेशन पर पहले से ही 10-12 लोगों को फोन करके बुलाया हुआ था जिन्होंने गाड़ी रुकते ही हमारे साथ मारपीट करने लगे। डायल 112 पर फोन करने पर पहुंची पुलिस ने झगडे को शांत किया और दोनों पक्षों को समालखा रेलवे स्टेशन पर उतार कर पुलिस चौकी में लाया गया।

# केवल पार्क: महाशिवरात्री के मौके पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इसी कड़ी में केवल पार्क के सबसे प्रतिष्ठित प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आदर्श नगर विधानसभा के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कमेटी की ओर से विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इसमें हजारों शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के शिव मंदिर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर हर हर महादेव के नारे लगाकर भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।
**ये लोग रहे मौजूदः** कार्यक्रम के दौरान सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, निगम पार्षद सुमन शर्मा, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अरविंद शर्मा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, जहाँगीरपुरी के एसीपी प्रवीण कुमार, आदर्श नगर के थानाध्यक्ष विश्राम मीना, चंद्र शेखर शर्मा, प्राचीन शिव मंदिर के चेयरमैन चौधरी ओम प्रकाश, उमेश शर्मा सहित केवल पार्क के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**नवीन त्यागी:** प्राचीन शिव मंदिर समिति हर वर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है। इस बार भी समिति ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के लोगों सहित आदि संख्या में गणमान्यों ने भी लंगर ग्रहण किया।

# महाशिवरात्रि के मौके पर शिव दल ट्रस्ट ने निकाली निकाली भव्य झांकियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महाशिवरात्रि को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित डेरावाल नगर में शिव दल ट्रस्ट द्वारा भोले की बारात और राधा कृष्ण की झांकियां निकाली। यात्रा में सैंकड़ों की तादात में शिव भक्त शामिल हुए। तो वहीं इस दौरान सड़क से लेकर मंदिर तक बोल बम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।
**झूमते दिखे भक्तः** महाशिवरात्रि पर भोले का रंग भक्तों पर इस कदर चढ़ गया था कि खड़े खड़े भक्तों के पैर थिरकने पर विवश हो उठे। भोले की बरात में हजारों की संख्या में शामिल लोग नाचते-गाते हुए झांकियों के साथ मंदिर तक पहुंचे।



सभी लोग पूरी तरह भगवान शिव की भक्ति और उपासना में लीन रहे। अलसुबह से लेकर देर रात तक हर ओर उत्सव का माहौल रहा। इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।



**भोले का लिया आर्शिवादः** कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारियों सहित ट्रस्ट के संस्थापक हरीश अरोड़ा, भुवनेश कुमार, महंत भूदेव शर्मा, महंत वरुण शर्मा (मार्घट वाले बाबा) हरीश असड़ी, मनप्रीत सिंह, शिवांग अरोड़ा, रविंदर सिंह, दिशांत आनंद, शिवांश अरोड़ा, विजय पाल, दिनेश पवार सहित अन्य शिवभक्तों ने भोले बाबा का आर्शिवाद प्राप्त किया।
**22 साल से ट्रस्ट चिकित्सा सेवा देने में भी है आगेः** इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक हरीश अरोड़ा ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 22 साल से शिवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी ट्रस्ट अमरनाथ यात्रा के दौरान वहां पर भी भंडारे की सेवा देती है,इतना ही नही उनकी ट्रस्ट द्वारा अनेक प्रकार की स्वास्थ से संबंधी चिकित्सा व मुफ्त में दवाईयां भी देती है।

# 'आईपीआर कानून से अनुसंधान और विकास को मिला बढ़ावा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि नवाचार करने वाले लोगों को यह कानून सुरक्षा देता है। निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पेटेंट कानून पर लिखी पुस्तक का विमोचन के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से यह कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने कई कदम उठाए हैं। इससे पहले सीतारमण ने जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह की पेटेंट कानून पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) को देखने के लिए एक थिंक टैंक की स्थापना की। सीतारमण ने कहा कि न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह, जो उस समय न्यायाधीश नहीं थीं, एक सक्रिय सदस्य थीं।

# शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की धूमः 231 जोड़ों ने एक साथ बैठकर किया रूद्राभिषेक









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अतंगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर 61 स्थित श्रीनगर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम शिवरात्रि से एक दिन पूर्व ही मंदिरों में दिखाई देनी शुरू हो गई थी, जिसको लेकर मंदिर की साजो सजावट भी कर दी गई, दर्शनों के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से भगवान की पूजा-अर्चना व दुग्धाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान भगवान भोले के जयकारे भी गूंजते रहे।
**231 जोड़ो ने एक साथ किया रुद्राभिषेकः** इसी के साथ ही श्री नगर स्थित मैत्री गणपति महोत्सव परिवार 231 जोड़ो एवं परिवार के साथ बैठकर रुद्राभिषेक पूजन की गई। इस मौके पर संस्था के सचिव बलराम चावला ने बताया कि उनकी संस्था पिछले काफी वर्षों से विधिवत रूप से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन कर रहीं हैं।
**कई शिवभक्त रहें मौजूदः** इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा गुप्ता, पूर्व मंत्री दिल्ली प्रदेश संजीव शर्मा, मंजीत सिंह उपाध्यक्ष जिला केशवपुर, कोहाट वार्ड से निगम पार्षद अजय रवि हंस, वरिष्ठ नेता भाजपा रविंद्र बेनीवाल, संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता भाजपा,अश्विनी शर्मा, मदन खुराना संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव, दीपक मेहरा, बलराम चावला, प्रभकरण, आशुतोष, आचार्य बृजेश महाराज के सानिध्य रूद्राभिषेक का पूजन संपन्न हुई। इस दौरान पार्षद रवि अजय हंस ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की रात्रि-व्यापिनी चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। वहीं, उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को ही सृष्टि का प्रारंभ हुआ था।

# जेटली राजनेता के बजाय एक लोक सेवक थे : उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के विभिन्न क्षेत्रों के योगदानों की सराहना की और उन्हें एक राजनेता के बजाय एक लोक सेवक बताया। पार्टी लाइनों से परे जेटली की अद्वितीय स्वीकार्यता पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि उनकी पार्टी के साथ-साथ विपक्ष के लोग भी उनकी प्रशंसा करते थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बहुउद्देशीय स्टेडियम का नाम अरुण जेटली के नाम पर रखने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, ह्लमैं अरुण जेटली को बहुत अलग तरीके से परिभाषित करता हूं। वह



राजनीति में नहीं थे; वह सार्वजनिक जीवन में थे। जेटली के योगदानों को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने राजनीति को खेल से दूर रखने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की। खेल में उनके गहन योगदान पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि लंबे समय तक क्रिकेट से जुड़े रहने के बाद भी, जेटली ने राजनीति को इससे दूर रखा। धनखड़ ने एक वकील और सांसद के रूप में जेटली के साथ अपने लंबे जुड़ाव को मार्मिक ढंग से याद किया और कहा कि हम उन्हें हर दिन याद करते हैं। जेटली को एसआरसीसी के सबसे प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के रूप में संदर्भित करते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी पूर्व छात्रों से एक साथ आने और अपने अल्मा मेटर के लिए समय और संसाधनों का योगदान करने का आग्रह किया। देश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत उत्साहित है।

# इंद्रलोक में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के इंद्रलोक इलाके में शुक्रवार के हंगामे के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस और स्थानीय लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए पूरे इलाके में फ्लैग मार्च किया। डीसीपी मनोज कुमार मीणा का कहना है कि अब माहौल पूरी तरह से शांत है।
डीसीपी के अनुसार लोगों से अपील की गई कि किसी भी तरीके की अफवाह पर ध्यान ना दिया जाए। आपसी भाईचारे को बना कर रखा जाए। उन्होंने कहा कि अब इंद्रलोक इलाके में शांति है और सभी लोग रोजमर्रा की तरह अपने-अपने कम पर लगे हुए हैं। अब हालात सामान्य हो चुके हैं। एहतियातन अभी भी इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# गेल ने सीएनजी की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलो की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनी गेल गैस लिमिटेड ने शनिवार को संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम कटौती करने का ऐलान किया है। इससे पहले महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने भी सीएनजी की कीमत में इतनी ही कटौती की थी।
गेल की ओर से सीएनजी की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कटौती के बाद अब वाराणसी में सीएनजी का दाम घटकर 81.17 रुपये प्रति



किलोग्राम, पटना में 84.54 रुपये, रांची में 87.15 रुपये, जमशेदपुर में 87.08 रुपये, भुवनेश्वर में 87.26 रुपये और कटक में 87.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो जाएंगे। इसके साथ ही गेल के सीएनजी के दाम में कटौती का फायदा देश के करीब 20 शहरों को मिलेगा।
इससे पहले सार्वजनिक क्षेत्र की महानगर गैस लिमिटेड ने 5 मार्च को सीएनजी की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलो की कटौती की थी। इस कटौती के बाद आर्थिक राजधानी मुंबई के आस-पास के शहरों में सीएनजी की कीमत घटकर 73.50 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने भी सीएनजी की कीमतें घटाई हैं, जिसके बाद दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी का भाव 2.50 रुपये सस्ता होकर 74.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है।

# नरेला: खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बरसा भक्ति रस









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी जी ब्लॉक स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर एवं खाटू श्याम धाम में श्री खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का चार दिवसीय महोत्सव आचार्य श्री नंदकिशोर गोस्वामी जी सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान अनादिवस अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, शैयावास विधिवत पूजा अर्चना, बाबा का भव्य श्रृंगार आदि आयोजन कर बाबा खाटू श्याम के शीश को प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। इसके बाद बृजभानु योगेश लवानिया एंड पार्टी द्वारा बाबा श्याम के संकीर्तन में खाटू श्याम के भजनों की एक से एक बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।
**निशान यात्रा में उमडा आस्था का जन सैलाबः** बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आसमान में उड़ता अबीर-गुलाल और खाटू नरेश के जयकारों के संग सैकड़ो हाथों में लहराते निशान हर तरफ फूलों की वर्षा के बीच उमडा आस्था का जनसैलाब और धार्मिक उल्लास। कुछ ऐसा ही नजारा था नरेला शहर का, हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा। सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं। जैसे भजनों पर नृत्य करते हुए रंग-बिरंगे परिधानों में भक्तजन नगर परिक्रमा पर निकले। सबसे पीछे रथ में सतरंगी फूलों से सजे भगवान खाटू श्याम विराजमान थे। निशान यात्रा शिव शक्ति हनुमान मंदिर एवं खाटू श्याम धाम पंजाबी कॉलोनी मंदिर से शुरू होकर शनि मंदिर, सनातन धर्म मंदिर पुरानी अनाज मंडी, रेलवे रोड, मंगला चौक आदि मुख्य मार्ग से होते हुए वापस मंदिर में संपन्न हुई। इस अवसर पर आचार्य श्री नंदकिशोर गोस्वामी, माधव गोस्वामी, लावण्य गोस्वामी, वेदांग गोस्वामी, प्रवीण लाकड़ा, रजनीश खत्री, बंटी गर्ग, रणवीर सिंह, शालिका अग्रवाल, अजय, सोनू नाई, रामा खत्री, प्रतीक बंसल, पारस जैन, शशि बाला, पुनीत गर्ग, अंकित अरोडा, विपिन अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शिवकुमार सिंगला,पवन जगा, एसपी जून, सुनील, दिनेश, भानु खत्री,संदीप, मधु, महावीर, रानी सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार नहीं होती तो धारा-370 नहीं हटती : डा. मोहन यादव

सनातन संस्कृति

8 - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति को मिला है सम्मान : मोहन यादव



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार नहीं होती तो जम्मू कश्मीर से कोई धारा-370 नहीं हटा सकता था। मोदी सरकार से पहले जम्मू-कश्मीर में 40 हजार लोगों की निर्मम हत्या हुई। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। श्री यादव ने ये बातें गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कलस्टर की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले मोहन यादव का कार्यालय पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नूंह में आयोजित कार्यक्रम के बाद गुरुकमल कार्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने पहुंचे थे। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का औपचारिक स्वागत भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने आगामी कार्यक्रमों के लिए निकल गए।बैठक की शुरूआत मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस दौरान उनके साथ कलस्टर के प्रभारी मनीष ग्रोवर, लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा के सांसद धर्मबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने भी द्वीप प्रज्जवलित किया।

बैठक में औपचारिक स्वागत के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों के साथ-साथ पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की और चुनाव प्रबंधन की बातें बताई। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से पूरी तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कलस्टर की इस बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद और महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के चुनाव प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि हम भगवान राम और कृष्ण की संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सनातन संस्कृति को आगे लेकर जा रही है।

# स्टैंडअप कामेडी में एमडीयू और श्लोक उच्चारण में गुरु नानक खालसा ने जीता इनाम

स्पर्धा

8 राष्ट्रीय मेस्ट्रोज स्पर्धा में सौ से अधिक कॉलेजों ने भाग लिया, आज महफिल ए सरताज

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा( कुलदीप सिंह )**

स्टैंडअप कामेडी में एमडीयू के गौरव ने सभी को खूब हंसाया। उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी तरह श्लोक उच्चारण में गुरु नानक खालसा कॉलेज की टीम विजेता रही।

यहां पाइट कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मेस्ट्रोज का शुभारंभ हुआ है। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के सौ से अधिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया।



दस मार्च, रविवार को प्रसिद्ध पंजाबी गायक डॉ.सतिंदर सिंह सरताज का महफिल ए सरताज कार्यक्रम होगा। ड्यूट डांस में सागर और अक्षय जीते। ई गेमिंग में पाइट के आर्यन गोयल, डिबेट में पाइट के पारखी प्रथम, एमडीयू की आयुषी द्वितीय, सोलो वेस्टर्न में केयूके की तमन्ना प्रथम, एमएमयू की मलिना द्वितीय, श्लोक उच्चारण में गुरु नानक खालसा कॉलेज की मानशा प्रथम एवं पाइट की कल्पना द्वितीय रहीं। ब्लॉग राइटिंग में एमबीए पाइट की मानसी प्रथम रहीं। स्केचिंग में एमएमयू से आयुष प्रथम व पाइट से अमन द्वितीय रहे। रोडिज में पायल प्रथम व लड़कों में लक्षत प्रथम रहे।

आइडिया टैंक में एमसीए के गोविंद, दिव्यांशी व नीरज प्रथम रहे। रियल टू रील में राधिका प्रथम रहीं।

चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिसार : लुवास की डॉ. इंदु को डेयरी उद्योग सम्मेलन में मिला सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (सीओडीएसटी) में सहायक प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ. इंदु को उनके शोध के लिए तेलंगाना में हुए 50वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में सम्मानित किया गया। डॉ. इंदु ने सम्मलेन मे ह्यनवाचारी विद्युत तंतु तकनीकें: डेयरी पशुओं के लिए थनैला पहचान में एक प्रबल कदमह्न पर अपना शोध प्रस्तुत किया था। इसमें उन्हें प्रथम स्थान हासिल हुआ।

इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय डेयरी संघ (दक्षिण क्षेत्र) की ओर से किया गया। इसमें देशभर से उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। लुवास कुलपति प्रो. डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा के मार्ग दर्शन में विश्वविद्यालय हर साल युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान के शोध परियोजनाओं को मंजूरी देता है, जिसमें युवा वैज्ञानिक नए शोध कर सकते हैं। ऐसी ही एक शोध करके डॉ. इंदु ने बताया कि थनैला रोग पशुओं की एक गंभीर बीमारी है। इस बीमारी का इलाज केवल जल्दी पता लगने पर ही संभव है, परंतु इसे समय पर पहचानना किसानों एवं वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौती है।

लुवास कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा एवं डीन कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस डॉ. सज्जन सिहाग ने शनिवार को डॉ. इंदु के शोध की सराहना की और बताया कि ये शोध थनैला रोग को पहचानने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने डॉ. इंदु एवं उनकी टीम के सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी।

### हरियाणा में लोकसभा चुनावों के लिए बनाया जाएगा 'चुनाव आइकॉन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राज्य स्तर पर ह्यचुनाव आइकॉनह्न बनाया जाएगा। भारत चुनाव आयोग ने फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को नेशनल स्तर पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। अब इसी तर्ज पर हरियाणा में भी किसी ऐसे चेहरे को आइकॉन बनाया जाएगा। इतना ही नहीं, जिला स्तर पर भी आइकॉन बन सकेंगे।

राजकुमार राव मूल रूप से गुरुग्राम के रहने वाले हैं। वे हरियाणा की खेल संस्कृति पर ह्यछलांगह्न फिल्म भी बना चुके हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए हैं। उन्हें कहा गया है कि वे लोकसभा के आम चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में यथाशीघ्र सेक्टरल ऑफिसर/सुपरवाइजर पद नामित करें।

उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किए गए भारत चुनाव आयोग के इलेक्शन प्लानर के अनुरूप अपने-अपने जिलों का डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्लानर तैयार करें। सभी जिला चुनाव अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी फॉर्म-6, 7 और 8 लंबित हैं, उनका निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें। अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए कुल मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। आयोग का ध्येय है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद कोई भी पात्र वोटर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाए बिना न रहे और न ही मतदान करने के लिए छूटे। चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है। जिला स्तर पर भी निर्वाचन अधिकारियों को नवाचार, मस्कट व आइकॉन बनाने की ओर ध्यान देना होगा।

### झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट का काम शुरू, पुलिस आयुक्त की नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान झज्जर को पुलिस कमिश्नरेट का दर्जा प्रदान किए जाने के बाद अब इस पर काम भी शुरू हो गया है। हरियाणा सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी करके झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट के दृष्टिकोण से पुलिस आयुक्त समेत कई अन्य नियुक्तियां कर दी हैं।सोमवार से झज्जर में पुलिस कमिश्नरेट के रूप में काम शुरू हो जाएगा। इससे पहले एनसीआर में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत में पहले से ही पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली चल रही है।

# बेटियों के नाम नेमप्लेट अभियान को 8 राज्यों ने अपनाया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पिता की सत्ता में बेटियों को संपत्ति का अधिकार दिलवाने के लिए अभियान के तहत सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा समेत कई राज्यों में अब तक 50 हजार घरों के बाहर बेटियों के नाम की प्लेट लगाई जा चुकी है। महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह के भीतर प्रदेश के पांच हजार घरों के आगे बेटियों के नाम की प्लेट लगाई गई। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान ने एक बयान में बताया कि 6 जुलाई 2015 को जींद जिले के गांव बीबीपुर से उन्होंने यह अभियान अपनी बेटी नंदिनी के नाम की प्लेट लगाकर शुरू किया था।

# भाजपा शासन में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर : राजबीर सोरखी

शोषण

8 बसपा प्रदेशाध्यक्ष बोले, बेरोजगार युवाओं का कौशल निगम के जरिये सरकार कर रही है शोषण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा अंतिम चरण में पहुंची है। करनाल से होते हुए पानीपत व सोनीपत पहुंची, जहां पर आपार जनसमर्थन मिला। युवाओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने जनसमर्थन का हाथ जोड़कर



अभिवादन स्वीकार किया।

शनिवार को यात्रा की शुरूआत असंध विधानसभा से हुई। यहां से यात्रा सालवन, कवि व मतलौडा होते हुए पानीपत पहुंची। पानीपत से इसराना व समालखा से होकर सोनीपत के रास्ते गोहाना में प्रवेश किया।

प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती की के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय प्रभारी आकाश आनंद के नेतृत्व में शुरू हुई संकल्प यात्रा को आपार जनसमर्थन मिल रहा है। 10 दिन में मिले जनसमर्थन से स्पष्ट हो गया है कि जनता बदलाव चाहती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है । सरकार को हरियाणा व देश से युवाओं से कोई सरोकार नहीं है। युवाओं का रोजगार के नाम शोषण कर रही है। कौशल निगम के जरिये पढ़े-लिखे युवाओं को कच्ची नौकरी दी जा रही है, जबकि नियमित भर्ती नहीं की जा रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई और अपराध लगातार बढ़ रहा है। सोनीपत व पानीपत में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर बसपा प्रदेशाध्यक्ष ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है।

यात्रा के दौरान अनेकों गांवों में प्रदेशाध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। राजबीर सोरखी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनते ही सर्वसमाज के युवाओं को नौकरियां दी जाएगी ।

इसराना में में प्रभारी सुमेर जांगड़ा ने पार्टी कार्यकताओं को पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम जयंती में शामिल होकर बसपा को मजबूत करने का काम करें।

संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा, प्रदेश महासचिव राम कुमार सालवन ,प्रदेश सचिव प्रदीप अंबेडकर, प्रवीण फतेहपुरी आदि ने संकल्प यात्रा का नेतृत्व किया।

# नशीली दवाइयों और कैप्सूल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर सेक्टर 6, करनाल से आरोपी सूर्यदेव पुत्र स्व. नेत्रपाल वासी गांव सोहांजनी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 2496 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल कंपनी और 1140 नशीली दवाइयां अल्प्राजोलम कंपनी की बरामद की गई। इन नशीली दवाइयों की कीमत



लगभग डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। इस संबंध में आरोपी सूर्यदेव के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इन नशीली दवाइयों को उत्तर प्रदेश से लेकर आता है और यहां लाकर नशा करने वालों को ऊंची कीमत में बेच देता है। आरोपी पैसों के लालच में यह काम करता है। आरोपी सूर्यदेव को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर ही नशीली दवाइयां उपलब्ध कराने वाले आरोपी की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# जमीनी विवाद ने महिला सहित तीन ने मामा-भांजा पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

उकलाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में लगभग पौने दो एकड़ जमीन को लेकर चल रही रंजिश महिला समेत तीन लोगों ने शनिवार को मामा-भांजे पर गंडासे से हमला करके उन्हें घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उकलाना पुलिस को दी शिकायत में दौलतपुर गांव निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह खेती करता है। उसने बताया कि वे दो भाई और तीन बहन हैं, सभी शादीशुदा हैं। सतीश गांव गें ही रहता है जबकि उसका बड़ा भाई अनूप परिवार समेत खेतों ढाणी में रहता है।

# पार्टी पर अनुशासन तोडने का झूठे आरोप लगाकर पद से हटाना लोकतंत्र की हत्या के समान: प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

मुझे प्रदेश कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद से केवल अपने विचार रखने पर अनुशासनहीनता के नाम पर हटाना पार्टी के अंदर लोकतंत्र की हत्या के प्रयास के समान है। यह बात आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हलका कलानौर के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद सिंह पुरिया ने उनके खिलाफ पार्टी द्वारा कार्रवाई करने के फैसले को लेकर एक प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने पार्टी के खिलाफ ऐसी कोई बात नहीं की जिसे पार्टी अनुशासन के खिलाफ कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों रोहतक में सोनीपत और रोहतक लोकसभा के हजारों ड्डिॅं त्श्र पिछड़े कांग्रेस कार्यकर्ताख्क्क्ष्ट का सम्मेलन हुआ था, जिसका आयोजन ओबीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रभारी एडवोकेट अनिल सैनी ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री सुभाष बत्रा ने की थी। उसमें उपस्थित सभी कार्यकताओं ने सर्वसहमती से प्रस्ताव पारित किया था कि रोहतक-सोनीपत लोकसभा सीट में से एक सीट पर ओबीसी प्रत्याशी को उतारा जाए, ताकि प्रदेश में पार्टी का प्रदेश में अच्छा संदेश जाए और पार्टी को मजबूती मिले। इस फैसले को प्रदेश प्रभारी और अन्य हाई कमान के नेताओं के समक्ष भी रखा था। राहुल गांधी भी अपनी यात्रा में ओबीसी व



निंदा

8 -पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता सुशील सैनी ने की इस अनुचित कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा

दलित समाज को बराबर हक देने की बात कर चुके हैं। प्रमोद सिंहपुरिया ने कहा कि कांग्रेस 36 बिरादरी की पार्टी है। उन्होंने रोहतक-सोनीपत लोकसभा से मात्र एक विशेष जाति के नाम पैनल में देना उन्हें गलत लगा। इसलिए अपनी भावना व विचार व्यक्त किये थे। इसमें अनुशासनहीनता या किसी के भी अपमान की कोई बात नहीं की गई।

मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं और पार्टी को लगातार मजबूत करने के लिए काम कर रहा हूं। वहीं उन्होंने कहा कि मैं वाल्मीकि समाज से संबंध रखता हूं 10 मार्च को स्थानीय शिव धर्मशाला में कांग्रेस का वाल्मीकि सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा बतौरमुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

समारोह

8 समारोह के मुख्य अतिथि इन्वा सैलून से शिवानी गुप्ता रही। विशिष्ट अतिथि संस्थान के निदेशक नीरज मंडल रहे

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

जयप्रकाश नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिवाह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूम धाम से मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि इन्वा सैलून से शिवानी गुप्ता रही। विशिष्ट अतिथि संस्थान के निदेशक नीरज मंडल रहे।विशेष



अतिथि रविंद्र नांदल रहे व मुख्य वक्ता नेचुरल इफेक्ट सैलून से कुलदीप व संस्थान से अनिल मलिक ,रवि कुमार , राजकुमार कादियान व नरेंद्र मलिक रहे।परीक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवानी गुप्ता ने कहा की महिलाएं हों या पुरुष, आज सभी अपने सुंदर लुक के प्रति सजग नजर आते हैं। खूबसूरत बनने की उनकी ललक को अंजाम दे रहे हैं ब्यूटी पार्लर। जब सभी खूबसूरत नजर आना चाहते हैं तो निश्चित तौर पर ब्यूटी पार्लर और ब्यूटीशियन का काम भी बड़े पैमाने पर होगा ही। यही वजह है कि ब्यूटीशियन की मांग तेजी से बढ़ रही है। आज के फलते-फूलते स्वरोजगारों पर अगर नजर डालें, तो ब्यूटी पार्लर का काम उनमें अलग ही चमकता नजर आएगा। जहां तक ब्यूटीशियन बनने की बात है, तो ब्यूटीशियन बनना बहुत आसान है, लेकिन एक अच्छा ब्यूटीशियन बनने के लिए आपको प्रशिक्षण से लेकर अच्छी रुचि और अपने को अपडेट रखने की जरूरत पड़ेगी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नीरज मंडल , संकाय रवि कुमार , नरेंद्र मलिक सहायक राजकुमार कादियान, अनिल मलिक , तरुण मुंजाल , मैडम रीना, रविन्दर नांदल , इन्वा सैलून से शिवानी गुप्ता , मुश्कान , आरती नेचुरल इफेक्ट सैलून से कुलदीप , कुसुम जसमेर , सेवा दास व लगभग 50 महिलाएं मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत में 23628 मुकदमों का आपसी सहमति से किया निपटारा

लोक अदालत

8 पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का गठन किया गया

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

माननीय न्यायमूर्ति श्री अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और श्री सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल



मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में आज दिनांक 09.03.2024 को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है।

श्री प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। "सभी के लिए न्याय तक पहुंच" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे खुलासा किया है कि पानीपत में कुल 23628 मुकदमों को लिया गया था। जिनमें से 19468 मुकदमों को केवल पानीपत में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया। लोक अदालत में निपटान की राशि 7,20,97,884/- रुपए थी। इसके अलावा समालखा सब डिवीजन में 4160 मुकदमो का निपटारा किया गया कुल मिलाकर पानीपत जिले में 23628 मुकदमों का निपटारा किया गया।

# 700 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

स्पेशल स्टाफ असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर बस अड्डा मर्दानहेडी से आरोपी नसीब सिंह पुत्र मेहर सिंह वासी असंध को गाड़ी के साथ काबू कर गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 700 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी नसीब सिंह के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पूछताछ में पाया गया कि आरोपी अत्याधिक नशा करने का आदी है।

वह यह डोडा पोस्त जिला कैथल के मंडवाल से आरोपी जरनैल सिंह से लेकर आया था। डोडा पोस्त



उपलब्ध कराने वाले आरोपी जरनैल को भी जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी नसीब सिंह को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आदर्श रसोई सप्ताह 100 वां

# राकेश भारद्वाज चौकः आदर्श रसोई ने पूरे किए 100 हफ़्ते

## धूमधाम से मनाया गया सोहनलाल मेहंदीरत्ता और संजय बांगी का जन्मदिन, पदाधिकारियों में दिखा गजब का उत्साह

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने अपने सफलतम 100वें रविवार का सफर भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस विशेष मौके पर सभी ने 100वें रविवार तक के सफर को याद किया। साथ ही आदर्श रसोई के वरिष्ठ सदस्य सोहनलाल मेहंदीरत्ता और संजय बांगी का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### रिबन काटकर सोहनलाल मेहंदीरत्ता और संजय बांगी परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने सोहनलाल मेहंदीरत्ता और संजय बांगी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से सोहनलाल जी और संजय बांगी परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर दोनों परिवार मौजूद रहे।

### मेहंदीरत्ता और बांगी परिवार का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया अभिनंदन

सोहनलाल मेहंदीरत्ता और संजय बांगी के जन्मदिन के मौके पर दोनों सम्मानित सदस्यों का पूरा परिवार मौजूद रहा जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सोहनलाल जी और बांगी जी के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया।

संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है।

### आदर्श रसोई का सहभागी होने पर गर्व है : सोहनलाल मेहंदीरत्ता

इस विशेष मौके पर सोहनलाल मेहंदीरत्ता ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। मैं भी पिछले दो वर्ष से इस रसोई के साथ जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि मैं भी रसोई के सहभागी के रूप में अपना योगदान देता हूँ।

### ईश्वर का सदैव आशीर्वाद बना रहेः संजय बांगी

श्री बांगी ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। तभी जाकर आज हम सभी मिलकर आदर्श रसोई के 100वें रविवार को सेलिब्रेट कर रहे हैं। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया

# साबरमती रेलवे स्टेशन पर दिखेगी महात्मा गांधी के संघर्ष, जीवन यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबादः** साबरमती रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित डिजाइन और मास्टर प्लान के तहत शहर के चरित्र के साथ-साथ ऐतिहासिक विरासत और महत्व को संरक्षित किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से साबरमती महात्मा गांधी और उनके आश्रम से जुड़ा हुआ। साबरमती स्टेशन के डिजाइन में महात्मा गांधी की छवि और उनसे जुड़ी वस्तुओं (जैसे चरखा और खादी) का उपयोग उनके जीवन और उच्च आदर्शों को प्राप्त करने के उनके संघर्ष के प्रतीकात्मक अनुस्मारक के रूप में किया गया है। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने शनिवार को साबरमती रेलवे स्टेशन के री-डवलपमेंट कार्य का अवलोकन किया और इसकी प्रगति से मीडिया को रूबरू कराया। इस दौरान उप मुख्य परियोजना प्रबंधक अनंत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान प्रजेंटेशन एवं स्टेशन पर लगाए गए मॉडल के माध्यम से स्टेशन पुनर्निर्माण से अवगत कराया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि साबरमती रेलवे स्टेशन को विकसित करने के साथ रेलवेज, सिटी मेट्रो नेटवर्क, हाईस्पीड रेलवे नेटवर्क, सिटी बीआरटी बस नेटवर्क और सिटी बस सेवाओं जैसे परिवहन के मौजूदा और भविष्य के तरीकों को जोड़ने के उद्देश्य से इसे मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। स्टेशन परिसर को मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने से यात्रियों की संख्या अधिक होगी, जिसके परिणामस्वरूप स्टेशन पूरे क्षेत्र के विकास के लिए उत्प्रेरक बन जाएगा। मास्टर प्लानिंग में स्टेशन स्थल के भीतर भूमि के कुछ हिस्सों को चिह्नित किया गया है जिसका उपयोग वाणिज्यिक विकास के लिए किया जाएगा।

# 2024 का संकल्प, फिर एक बार मोदी सरकारः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जौनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया, फिर जौनपुर को सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ रुपये की 256 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक, टेबलैट व लैपटॉप आदि प्रदान किया। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ जौनपुरवासियों से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि 2024 का हमारा एक ही संकल्प होना चाहिए और वो है मोदी सरकार। सीएम ने जौनपुरवासियों को संकल्प दिलाया कि फिर एक बार-मोदी सरकार।



सीएम ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में दशकों की ख्वाहिश को आपने पूरा करते हुए नगर पालिका में मनोरमा मौर्या को विजयश्री दिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार चलाने के लिए बहुमत दिया। सीएम ने विश्वास दिलाया कि जब यहां पर आएंगे तो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

**गुलामी की जंजीरों को तोड़ने वाले महानायक हैं महाराणा प्रतापः** सीएम ने कहा कि जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मनाएगा तो हमें कैसा भारत चाहिए। विकसित भारत के लिए पंच प्रण का संकल्प पीएम मोदी ने दिया था। गुलामी के अंश को सर्वदा समाप्त करने का भी संकल्प है। महाराणा प्रताप गुलामी की जंजीरों को तोड़ने वाले महानायक के रूप में हैं। उन्होंने कहा था कि घास की रोटी खाऊंगा, लेकिन विदेशी हुकूमत के सामने शीश नहीं झुकाऊंगा। आज सैकड़ों वर्ष बाद भी देश में स्वाभिमान, शौर्य व पराक्रम की बात आती है तो महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई के प्रति हर भारतवासी के मन में सम्मान आता है। महाराणा प्रताप की प्रतिमा भी स्वाभिमान का वही प्रतीक है, जो राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान कर रही है।

**विकास कार्य**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

**परिश्रम व पुरुषार्थ की धरती है जौनपुर**

सीएम ने कहा कि जौनपुर की धरती परिश्रम व पुरुषार्थ लोगों की धरती है। यहां के लोगों ने मेहनत व परिश्रम से यहां के इत्र व इमरती को पहचान दिलाई है। यहां के लोग अनेक क्षेत्रों में गए और उद्यमशीलता के माध्यम से प्रतिभा का लोहा मनवाया। **विपक्ष पर रहे हमलावर, बोले- यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे**

विपक्ष पर हमलावर सीएम ने आमजन से पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करती है। सरकार सुरक्षा के साथ खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं देती है।

# पीएम मोदी की रसोई गैस में दी गई सौगात से महिलाओं में खुशी की लहर




**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्रकूटः** राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रसोई गैस सिलेंडर के दाम सौ रुपये कम करने से गृहणियों ने राहत की सांस ली। बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट की महिलाओं ने कहा कि पीएम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस घोषणा से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं की रसोई का बोझ कुछ कम होगा। महिला दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से रसोई गैस सिलेंडर के दाम सौ रुपये कम करने से गृहणियों ने राहत की सांस ली। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी और नगर अध्यक्ष अर्चना सिंह का कहना है कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार की योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये देश की आधी आबादी को पीएम मोदी ने शासन-सत्ता में भागीदारी देने समुचित अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले देश की सत्ता पर काबिज रहीं किसी भी सरकार ने महिलाओं के विकास और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की नारी शक्ति पीएम मोदी के साथ है।

